दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
# क्यूँ न लिखूँ सच
वर्ष:- 05
अंक:- 228
मुरादाबाद
(Friday)
10 December 2025
पृष्ठ:- 08
मूल्य:- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सांसदों से बोले पीएम मोदी- जनता का जीवन आसान बनाने का काम करें जनप्रतिनिधि; कानून पर कही बात

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आज संसद परिसर में एनडीए संसदीय दल की बैठक हुई। बैठक में पीएम मोदी ने सांसदों को जनसंपर्क बढ़ाने और कानून की मदद से जनता का जीवन आसान बनाने का आह्वान किया। जानिए बैठक में क्या कुछ हुआसंसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आज संसद परिसर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) में शामिल दलों के सांसदों की बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत में सभी सांसदों ने सामूहिक रूप से पीएम



मोदी को सम्मानित किया। देश सुधार एक्सप्रेस के दौर में - प्रधानमंत्री मोदी एनडीए संसदीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश अब पूर्ण रूप से %सुधार एक्सप्रेस% के दौर में है, जहां सुधार तेजी से और साफ इरादे से हो रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि सरकार के सुधार पूरी तरह से नागरिक-केंद्रित हैं, यह केवल आर्थिक या राजस्व-केंद्रित नहीं है। सूत्रों के अनुसार, इसका लक्ष्य लोगों की रोजमर्रा की मुश्किलों को दूर करना है ताकि वे अपनी पूरी क्षमता से विकास कर सकें। प्रधानमंत्री ने सांसदों से आग्रह किया कि वे आम लोगों की वास्तविक समस्याओं को सक्रिय रूप से साझा करें, ताकि सुधार एक्सप्रेस हर घर तक पहुंच सके और रोजमर्रा की मुश्किलों को दूर कर सके। एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी दी। उन्होंने कहा, आज की बैठक में बिहार चुनावों में एनडीए की जीत के लिए सभी एनडीए नेताओं ने पीएम मोदी को बधाई दी। पीएम मोदी ने सभी एनडीए सांसदों को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिए काम करने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने जनता के जीवन को आसान बनाने और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी क्षेत्रों में सुधार करने पर जोर दिया कि उन्हें कोई समस्या न हो। पीएम ने कहा कि कानूनों से लोगों की मदद होनी चाहिए। उन्होंने सांसदों से युवाओं से जुड़ने का आह्वान किया।प्रधानमंत्री मोदी विशेष रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी संसद के चालू शीतकालीन सत्र के दौरान समन्वय को मजबूत करने, सहभागिता बढ़ाने और सदन की रणनीति को कारगर बनाने के प्रयासों के तहत 11 दिसंबर को सभी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सांसदों के लिए एक विशेष रात्रिभोज की मेजबानी करने की संभावना है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, प्रस्तावित रात्रिभोज बैठक का उद्देश्य गठबंधन सहयोगियों के बीच विचारों के खुले और रचनात्मक आदान-प्रदान के लिए एक मंच तैयार करना है। उम्मीद है कि इससे प्रधानमंत्री को विधायी प्राथमिकताओं पर चर्चा करने, सत्र के लिए सरकार के व्यापक एजेंडे की समीक्षा करने और एनडीए के सामूहिक राजनीतिक रोडमैप को मजबूत करने का अवसर मिलेगा। इस बातचीत में गठबंधन के सभी घटक दलों के वरिष्ठ मंत्रियों, सदन के नेताओं और सांसदों के भाग लेने की उम्मीद है। इसके साथ ही चर्चाओं में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए तैयारी की रणनीति भी शामिल हो सकती है, जिसमें गठबंधन सहयोगी महत्वपूर्ण राज्य चुनावों से पहले अपने दृष्टिकोण को अंतिम रूप दे सकते हैं।

वंदे मातरम के 150 साल पर चर्चा, सरकार ने विपक्षी दलों की आपत्तियों पर कही ये बात

रिजिजू ने लोकसभा में होने वाली कार्यवाही के मुद्दे पर कहा, %आज लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा शुरू होगी। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज वंदे मातरम पर दो दिवसीय चर्चा का नेतृत्व करेंगे। कुछ विपक्षी सदस्यों ने कहा है कि वंदे मातरम पर चर्चा चुनाव के कारण हो रही है। ऐसा कहना गलत है।

## संसद में चुनाव सुधार पर बोले अखिलेश- SIR के बहाने NRC की ताक में सरकार; ईवीएम हटाकर बैलेट लाएं



लोकसभा में चुनाव सुधारों पर बोलते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव बैलेट पेपर से होने चाहिए, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के इस्तेमाल पर कई सवाल उठ रहे हैं। लोकसभा में चुनाव सुधारों पर बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अभी तक राज्य में चल रहे स्ढ्ढक्र प्रोसेस के दौरान 10 BLOs की जान जा चुकी है। हम मांग करते हैं कि मरने वाले BLOs के परिवारों को एक करोड़ रुपये की एक्स-ग्रेसिया रकम दी जाए और मरने वाले के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

## नेहरू और कांग्रेस नेताओं का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते पीएम और गृह मंत्री, खरगे का आरोप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया कि वे (देश के पहले प्रधानमंत्री) जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस के अन्य नेताओं को अपमानित करने का कोई मौका नहीं छोड़ते।संसद के शीतकालीन सत्र में मंगलवार को चुनाव सुधार पर चर्चा हो रही है। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह (देश के पहले प्रधानमंत्री) जवाहर लाल नेहरू और कांग्रेस



के अन्य नेताओं का अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ते। खरगे ने कहा, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक मौके पर सदन में अपने विचार रखने का मुझे अवसर मिला है। मैं सौभाग्यशाली हूं और यह गीत में साठ साल से गा रहा हूं, क्योंकि मैंने 55 साल तो इसी (संसद) में गुजारे, सांसद रहा। इसलिए मुझे तो वंदे मातरम गाने की पहले से ही आदत हो गई है। लेकिन जो वंदे मातरम नहीं गाने वाले (लोग) हैं, उन्होंने अब शुरू किया है। उनके लिए मैं धन्यवाद अर्पित करता हूं। ये तो वंदे मातरम की ताकत है।

उन्होंने आगे कहा, वैसे तो यह राष्ट्रीय उत्सव का विषय है, बहस का नहीं। मगर सबसे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से महान रचनाकार बंकिंम चट्टोपाध्याय को नमन करता हूं। उन सेनानियों को नमन करता हूं, जिन्होंने वंदे मातरम का नारा लगाते हुए आजादी के आंदोलन में बलिदान दिया। राज्यसभा में नेता-प्रतिपक्ष ने कहा, वंदे मातरम गीत भारत के सार्वजनिक जीवन में तब प्रवेश करता है, जब गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर ने 1986 कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में पहली बार इसे गाया था। जिसका जिक्र हमारे गृह मंत्री ने किया।

लेकिन इसकी पृष्ठभूमि क्या थी, वह नहीं बताई। जो चीज उन्हें अच्छी लगती है कांग्रेस को टोकने के लिए, हमारे नेताओं का अपमान करने के लिए जो बोलना है, वही कट पेस्ट करके बोलते हैं, दूसरा नहीं बोलते, यह आदत है। लेकिन क्या कर सकते हैं, वह आदत से मजबूर हैं। उन्होंने आगे कहा, वंदे मातरम को आजादी के आंदोलन का नारा बनाने के काम कांग्रेस पार्टी ने किया। कांग्रेस ने अपने अधिवेशनों और कार्यक्रमों में वंदे मातरम के गायन की प्रक्रिया शुरू की

## संक्षिप्त समाचार

### परिवहन निगम के ड्राइवर-कंडक्टरों का बढ़ा वेतन, अब प्रति किलोमीटर मिलेगा इतना पैसा; आदेश हुआ जारी

यूपी परिवहन निगम के ड्राइवरों ओर कंडक्टरों का वेतन बढ़ाया जाएगा। प्रति किलोमीटर अब कितना पैसा मिलेगा इसका आदेश जारी हो गया है। रोडवेज में संविदा चालकों/परिचालकों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई है। इन्हें 14 से सात पैसे प्रति किलोमीटर अतिरिक्त मानदेय मिलेगा। पुनरीक्षित दर से मानदेय का भुगतान परिवहन निगम द्वारा एक जनवरी 2026 से किया जाएगा। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि नोएडा क्षेत्र, एनसीआर क्षेत्र, सौनोली, सिद्धार्थनगर एवं महाराजगंज डिपो के संविदा चालकों/परिचालकों को औसतन 2.18 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से मानदेय मिलता है, जिसे बढ़ाकर 2.28 रुपये प्रति किलोमीटर किया गया है।अन्य क्षेत्रों के संविदा चालक/परिचालक के मानदेय सात पैसे प्रति किमी की बढ़ोत्तरी की गई है। योजना में चालकों को दो वर्ष की निरंतर सेवा एवं परिचालकों को चार वर्ष की निरंतर सेवा जरूरी है। उन्होंने बताया कि इसके लिए वित्तीय वर्ष में उन्हें 288 दिन की डयूटी एवं 66000 किलोमीटर की दूरी पूरी करनी होगी। ऐसे में चालक के लिए पारिश्रमिक 14687, प्रोत्साहन 4000 यानी कुल करीब 18687 रुपये मिलेंगे। परिचालक को पारिश्रमिक 14418, प्रोत्साहन 4000 मिलेगा।वाराणसी में रोजगार महाकुंभ आज से, 27 हजार से ज्यादा युवाओं को मिलेगी

## वंदे मातरम 100 साल का हुआ तो पूरे देश को बंदी बनाकर रखा गया, राज्यसभा में कांग्रेस पर बरसे शाह

राज्यसभा में वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष को आईना दिखाया और कहा कि 50वें पड़ाव में वंदे मातरम को तोड़ा गया। यहीं से तुष्टिकरण की शुरुआत हुई और इसी ने विभाजन के बीज बोए। अमित शाह ने कहा कि वंदे मातरम देश के पुनर्निर्माण का आधार बनेगा।राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मंगलवार को राज्यसभा में चर्चा हो रही है। चर्चा की शुरुआत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा, %ये महान सदन वंदे मातरम के भाव के लिए, यशोगान के लिए और वंदे मातरम को चिरंजीव बनाने के लिए चर्चा करे और इस चर्चा के माध्यम से हमारे देश के बच्चे, किशोर, युवा आने वाली पीढ़ियों तक वंदे मातरम के आजादी के लिए योगदान को याद करें। वंदे मातरम की रचना में राष्ट्र के प्रति समर्पण का जो भाव है, उसका आने वाले भारत की रचना में योगदान, इन सभी चीजों से हमारी आने वाली पीढ़ियां भी युक्त हों। इसलिए मैं सभी का अभिनंदन करता हूं कि आज यह चर्चा सदन में हो रही है।%उन्होंने कहा, %जब वंदे मातरम की चर्चा हो रही है, कल कुछ सदस्यों ने लोकसभा



में प्रश्न उठाया था कि आज वंदे मातरम पर चर्चा की जरूरत क्या है। वंदे मातरम पर चर्चा की जरूरत वंदे मातरम के प्रति समर्पण की जरूरत, जब वंदे मातरम बना था, तब भी थी, आजादी के समय भी थी, आज भी है और 2047 में जब आधुनिक भारत होगा, तब भी रहेगी। क्योंकि वंदे मातरम में कर्तव्य और राष्ट्रभक्ति की भावना है। तो जिन्हें वंदे मातरम पर चर्चा की वजह समझ नहीं आ रहा, उन्हें नए सिरे से सोचने की जरूरत है।%वंदे मातरम राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार बनेगा शाह ने कहा, %यह वंदे मातरम का गान, गीत यह भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करने का नारा बना था। आजादी के उद्घोष का नारा बन चुका था। आजादी के संग्राम का बहुत बड़ा प्रेरणा स्त्रोत बना था। और शहीदों को सर्वोच्च बलिदान देते वक्त अगले जन्म में भी भारत में ही जन्म लेकर बलिदान की प्रेरणा भी वंदे मातरम से ही मिलती है। वंदे मातरम की दोनों सदनों में चर्चा से, इसके गौरव गान से हमारे बच्चे, किशोर, युवा और आने वाली कई पीढ़ियां वंदे मातरम के महत्व को समझेंगी और उसे राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार भी बनाएगी।%शाह ने कहा, %बंकिम चंद्र चटर्जी की 7 नवंबर 1875 को वंदे मातरम की उनकी रचना सामने आई थी। जब रचना हुई तब कुछ लोगों को लगा कि यह उत्कृष्ट साहित्य है। लेकिन देखते ही देखते यह गीत देशभक्ति और राष्ट्रचेतना का परिचायक बन गया। कब वंदे मातरम की रचना हुई, इसकी पृष्ठभूमि सभी को याद करनी चाहिए। सदियों तक इस्लामी आक्रमण को झेलकर, अंग्रेजों की गुलामी झेलने वाले देश के लिए इस गीत की रचना बंकिम बाबू ने की थी। इसलिए वंदे मातरम का प्रचार अपने आप ही होता चला गया।

## संसद में चुनाव सुधार पर चर्चा: EVM के कोड पर सवाल, मनीष तिवारी बोले- राजीव गांधी के दौर में कांग्रेस लाई बदलाव

संसद के शीतकालीन सत्र के सातवें दिन चुनाव सुधार पर चर्चा हो रही है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने ईवीएम, एसआईआर और एक देश-एक चुनाव का मुद्दा उठायालोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा की शुरुआत कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने की। मनीष तिवारी ने कहा कि देश में निष्पक्ष चुनाव कराए जाने समय की मांग हैं। उन्होंने संविधान के तहत चुनाव आयोग को मिले अधिकारों का जिक्र करके हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार के कार्यकाल में सबसे बड़े चुनावी सुधार हुए। मनीष तिवारी ने कहा, चुनाव आयोग को पूरे राज्यों में एसआईआर नहीं कराए जा सकते। उन्होंने कहा कि 1988 में कांग्रेस



सरकार ने इतिहास का सबसे बड़ा सुधार कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि आज चुनाव आयोग केंद्र के निर्देश पर काम कर रहा है। ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए तिवारी ने कहा कि इन मशीनों का सोर्स कोड किसी और कंपनी के पास होना चिंताजनक है।कांग्रेस सांसद ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में जब स्वाधीनता संग्राम लड़ा गया, तो उसके दो बुनियादी लक्ष्य थे। सबसे पहला लक्ष्य था कि भारत को आजाद करवाया जाए और दूसरा भारत को एक लोकतांत्रिक देश के रूप में परिवर्तित करके लोगों की जो आशाएं हैं, उनके अनुरूप उन्हें सरकार बनाने का मौका दिया जाए। उन्होंने कहा, जो संविधान के निर्माता थे, उन्होंने राष्ट्रनिर्माण में उस उर्जा को समर्पित किया, तो संविधान की प्रस्तावना में उन्होंने दो अहम बातें कहीं। सबसे पहले जो संविधान निर्माताओं ने भारत के संविधान की प्रस्तावना में यह सुनिश्चित किया कि भारत एक संप्रभु और लोकतांत्रिक गणराज्य के तौर पर गठित किया जाएगा और जब संविधान का 42वां संशोधन हुआ तो उस प्रस्तावना में दो और शब्द जोड़े गए- समाजवाद और पंथनिरपेक्षता। उस स्वरूप में आज 2025 में गणतंत्र है। %पूर्व पीएम राजीव गांधी ने किया सबसे बड़ा सुधार%- भारत के लोकतंत्र में दो सबसे बड़े भागीदार हैं। एक 98 करोड़ आवाम (जनता) जो मतदान करती है और दूसरा भारत के राजनीतिक दल, जो विशेष तौर पर उस चुनाव में हिस्सा लेते हैं। संविधान के निर्माताओं ने यह सुनिश्चित किया कि 1946 से लेकर 1949 तक कि धर्म, जाति, मजहब, फिरका सबसे ऊपर उठकर हर भारत को नागरिक को जो 21 साल की उम्र से ज्यादा है, उसे मतदान का हक दिया जाए। यह उस समय हुआ, जब बहुत सारे ऐसे देश थे, जहां पर मतदान का हक एक बहुत ही संकीर्ण तौर दिया जाता था।

## संपादकीय Editorial

### A country held hostage by IndiGo

What kind of a country is this? What kind of government and system is this? Can the government bow to the whims of an airline and hold ordinary passengers hostage? More than 800 IndiGo flights were also cancelled on Saturday. The Prime Minister's Office spoke with the company's CEO and issued a warning. The Ministry of Civil Aviation held a meeting with top IndiGo officials and issued a notice to ensure affected passengers receive a refund by 8 pm on Sunday, December 7th. We will see what effect this ultimatum had. The Parliamentary Committee was also furious. It summoned officials from the Ministry, the DGCA, and IndiGo. What happened? All this activity came to light when IndiGo canceled 2,694 flights in the past four days, leaving more than 483,600 passengers distressed, distressed, and distressed. What kind of spectacle was this? Some people were scattered at the airport, some couldn't find food and drink, and some lost their luggage. Extreme uncertainty, chaos...! Yet, IndiGo hasn't been punished. Why? Why does the government seem helpless? In a democracy, the government is accountable, because the country elected it. IndiGo should have been fined at least ?500 crore, and that amount should have been deposited into the accounts of the affected passengers. Airlines aren't there solely for profiteering. They are there to provide air services, and the government sets the fares for those services. What kind of black marketing is this that has led to IndiGo's flights being cancelled while other airlines have increased fares several times over? Does this country have any government, ministry, regulations, or rules? IndiGo earned a profit of ?7,258 crore in 2024-25 from the passengers of this country. So, how can the same airline hold the country's passengers hostage? Why is such a company being granted "protection"? What is the government afraid of? How can the investigation be trusted? Someone was having a wedding, someone had to go for an interview, someone had a business meeting, someone had to get a visa, and someone's elderly parents were ill or mourning had spread. Indigo's whims ruined everything. Everything was shattered. Wasted money, constant tears, and sobbing—what more can the average passenger do? Can one airline be allowed to become such a "villain"? Why was Indigo's share in the aviation sector allowed to exceed 62%? Election donations worth crores of rupees to the ruling party and a license to monopolize the market...! Will airlines continue to operate like this in this country? Can a country become "developed" by selling passengers the dream of flying and then holding them hostage? India may, of course, become a developed country in terms of trillions of dollars, but in terms of mental, social, convenience, and professional life, India will remain "underdeveloped." The examples of China and the United States are clear to all. China's top three airlines have a combined market share of less than 60%. In the United States, the top four companies have a market share of around 75%. No single company's market share exceeds 25%. These countries are more developed than India in terms of aviation. Their flight numbers are also higher. Indigo's CEO still says that it will take approximately 10 days for normal flights to resume, but the government is pressing for immediate normalcy. The underlying reasons are pilot recruitment and other regulations issued by the DGCA, and Indigo was given sufficient time, but Indigo refused to comply. The DGCA had to withdraw its order. The country wants to know why this was done. This question reveals Indigo's arbitrariness. Indigo's monopoly should be broken. This is not a sign of a developed country. India should learn from the US and China.

# A New World Order Knocks on the Doorstep: Trump's Bullying Approach Has Brought Russia, China, and India Closer

Russia has invaded Ukraine, disregarding the principle of sovereignty and integrity of independent nations, and China is poised to invade Taiwan. China also disregards free trade rules, resulting in a significant trade deficit for India. In such a scenario, how will consensus on a regulated global order be possible among the three? Even if it is reached, how will the US and Europe be persuaded to adhere to it? Furthermore, what will be Europe's role now, after its defeat by Russia and disillusionment with the US? The West's Political Dominance Is Ending Trump's Approach Has Brought Russia, China, and India Closer to the Emerging Pivot of a New World Order. Former British Prime Minister Tony Blair stated in a speech that the West's political and economic dominance is waning, and that the next world order will be at least bipolar or multipolar. European Commission President Ursula von der Leyen said there was nothing wrong with this, as it would open new vistas of cooperation between the West and the rest of the world. Last September, while attending the SCO summit in Tianjin, Prime Minister Narendra Modi stated that the SCO could play a leading role in advancing a multilateral and inclusive world order. At the same summit, Chinese President Xi Jinping proposed a global governance initiative and called for a genuine multilateralism, standing against authoritarianism and bullying politics. Donald Trump sarcastically criticized this as a conspiracy against the United States, but diplomats around the world saw it as the beginning of a new emerging world order. President Putin's visit to India is being seen as another step in this direction. Trump, putting a 25-year-old friendship with India at stake, doubled tariffs against purchasing oil from Russia, affecting billions of dollars in Indian exports. In recent years, the United States has emerged as the largest market for Indian goods, accounting for $87 billion in exports last year, representing nearly 20 percent of India's total exports. Meanwhile, sanctions have been imposed on two major Russian oil companies, Rosneft and Luk Oil, causing Russia billions of dollars in losses. Trump's style is also characterized by bullying, a complaint China shares. Therefore, upon assuming power, he boasted of following Kissinger's policy of weaning Russia away from Chinese influence, while his unpredictable policies and intimidation have brought Russia, China, and India closer together. This Eurasian trio of Russia, India, and China, or RIC, is being seen as the emerging pivot of a new world order. With 40 percent of the world's GDP and manpower, a strong military force, and influence and credibility in Southern countries, the growing influence of these three cannot be ignored. Modern China aims to match its cultural and historical stature by becoming the center of global political and economic power by its centenary in 2049. Trump's arbitrary policies have made this task even easier. Russia aims to expand its influence by restoring the dominance lost with the collapse of the Soviet Union, which it seeks to achieve by halting NATO's expansion and expanding its influence across Eurasia. By challenging the US and NATO in the Ukraine war, it has largely restored its strategic and economic influence. Despite the loss of nearly 250,000 troops and $1.2 trillion, its military is advancing. Its economy has not stagnated, and Western countries have failed to encircle it. Both Russia and China are self-sufficient in defense technology and military equipment, just like NATO and the US. While China's strategic capabilities have not yet been tested on the battlefield like Russia's, it has demonstrated its strength by forcing Trump to yield to its economic and technological might. Like George Orwell's novel "1984," three axes of power appear to be emerging. India has much to do on the military and economic fronts to become the fourth axis, but its manpower and potential for economic and technological development make it indispensable in any new world order. Reflecting this, President Putin, in an interview before his visit to India, questioned the relevance of organizations like the G-7, which neither India nor Russia nor China are members of. No new order can be built solely on the foundation of opposition to the old order. It's true that Trump has further fragmented a world order already weakened and irrelevant by the duplicitous policies of the US and NATO with his arbitrary and unstable policies. First, he attacked Iran without even a formal proposal in any UN body, and now he is attacking Venezuelan ships. He wants to impose a peace agreement on Ukraine by ceding its territory to Russia without its consent. He has rendered the World Trade Organization irrelevant by imposing arbitrary tariffs. The climate treaty, the World Health Organization, and UNESCO membership have been abandoned, making it difficult to address climate change and pandemics and protect world heritage. Trump is transforming the regulated world order initiated by the United States into a "might is right" system. Concerned by this, China, Russia, and India have certainly drawn closer, but deep contradictions remain among the three regarding the world order. China has been raising objections regarding jihadist terrorism, nuclear disarmament, and India's permanent membership in the Security Council. Russia, disregarding the principle of sovereignty and integrity of independent nations, attacked Ukraine, and China is eager to attack Taiwan. China also does not follow the rules of free trade, causing India to suffer a huge trade deficit. In such a situation, how will it be possible to reach an agreement on a regulated global order among the three? Even if it is reached, how will the US and Europe be persuaded to follow it? Also, what will be Europe's role now after its defeat at the hands of Russia and disillusionment with the US?

# The relationship between Hindi and Tamil is mutually exclusive, and the literature of both languages ??also reflects the themes of women and Dalit discourse.

The Kashi-Tamil Sangamam reflects the central government's commitment to strengthening national unity through cultural exchange, linguistic enrichment, and knowledge sharing. Consequently, Tamil Nadu Chief Minister M.K. Stalin and Deputy Chief Minister Udhayanidhi Stalin's accusations against Prime Minister Narendra Modi of neglecting Tamil and promoting Sanskrit and Hindi are automatically proven wrong. Kashi-Tamil Sangamam: A Symbol of National Unity. The Tamil Nadu Chief Minister's accusation is baseless. Recently, when Tamil Nadu Deputy Chief Minister Udhayanidhi Stalin called Sanskrit a dying language, he forgot that many Tamil scholars had adopted Sanskrit and Hindi. The great Tamil poet Subrahmanyam Bharati believed that Sanskrit literature possessed a vast wealth of knowledge. Subrahmanyam Bharati translated the Gita from Sanskrit to Tamil. Bharati was also a strong supporter of Hindi. When the newspaper 'Hindi Kesari' started being published from Nagpur in 1907, Bharati started publishing Tamil translations of many articles published in 'Hindi Kesari' in the Tamil weekly magazine 'India' published from Puducherry. In 1907, he himself started a campaign to learn Hindi through Tamil medium by running a Hindi class. Subramania Bharati published Tamil versions of Hindi lessons in the magazine 'Swadesh Mitran'. Like Bharati, the process of adopting Hindi continued. Poornam Som Sundaram presented 'A Brief History of Tamil Literature' in Hindi. Dr. NV Rajagopalan wrote extensively on the literary trends of different periods of Tamil literature. Dr. K.A. Jamuna wrote "Tamil Language and Literature," Dr. P. Jayaraman wrote "Modern Tamil Literature Survey" and "Saint Vani," Dr. M. Seshan wrote "Tamil Literature: A Glimpse," and Dr. M. Govindarajan wrote "A Comparative Study of the Devotional Poetry of Alvars and Ashtachapas," and "Srishti Tamil-Malai" (Learn Tamil through Hindi). M.G. Venkatakrishnan translated "Thirukkural," Dr. N. Sundaram translated "Nayalir Divya Prabandham," and T. Seshadri translated the Ramayana by Maharishi Kamban into Hindi. Hindi translations of the famous Tamil literature texts "Tolkappiyam," "Silappadigaram," and "Manimekalai" are available. Dr. P. Jayaraman's Hindi translation of the poems of Tamil Vaishnava Alvar saints, "Saint Vani," has been published by Vani Prakashan. This book explains that the emotional, cultural, and spiritual unity of India, steeped in the yoga of karma, knowledge, and devotion, from south to north and east to west, is self-evident through its long ideological stream. This integrated Indian culture is built on the foundation of spiritual consciousness. One of these is the age-old Vaishnava devotional stream. The Vaishnava devotional consciousness that developed in North India through the Indian scriptures, Agamas, the Gita, the Padma Purana, the Vishnu Purana, and the Srimad Bhagavatam, etc., was established in Tamil literature during the Sangha period of the 1st century BC, and then in the post-Sangha period epics like 'Shilappadhikaram' and 'Manimekalai', and then widely propagated in the 'Divya Prabandham' of the later supreme Bhagavata Vaishnava saint devotees, the Alvars, as the deepest devotional form of Narayana (Vishnu). This Vaishnava devotional stream spread throughout India, reaching Vrindavan from the south through later Acharyas. This is a brief outline of India's spiritual unity. We can see similarities between the literatures of Tamil and Hindi languages ??in the trend of the devotional tradition. Parshuram Chaturvedi writes in his book, "Cultural Lines of Indian Literature," that the evolved form of devotion is evident in the Tamil works created later by the Aliyars and Alwars, which even today remain a prominent part of Tamil literature. The Aliyars' presiding deity was Shiva, while the Alwars' deity was Vishnu or Rama and Krishna. Despite these differences, their devotional practices remained unchanged. Their goals were similar, their sentiments bore a remarkable resemblance, and their works in the vernacular language influenced the general public. The tradition of saint poetry is widespread. Tamil had "Eighteen Siddhas" saint poets who composed mystical works in simple language. Similarly, Hindi saint poetry, illuminated by the divine talents of Kabir, Dadu, Sundardas, and others, is also extremely rich in both quality and quantity. In the Middle Ages, the trends of saint poetry and romantic poetry are found in Tamil and Hindi. The trend of bard poetry is similar in Tamil and Hindi. Romantic poetry is also similar in Tamil and Hindi. Feminist and Dalit discourses appear to be paralleled in the literature of both languages. Continuous efforts have been made at both government and non-government levels to strengthen the fundamental unity of Indian literature and to establish cooperative relationships among the literatures of Indian languages. For the past four years, the Kashi-Tamil Sangamam has been a part of this effort. Its fourth edition began on December 2nd. It is organized to celebrate the deep civilizational ties between Tamil Nadu and Kashi. The Kashi-Tamil Sangamam reflects the Central Government's commitment to strengthening national unity through cultural exchange, linguistic enrichment, and knowledge sharing. In such a situation, the allegations made by Tamil Nadu Chief Minister MK Stalin and Deputy Chief Minister Udhayanidhi Stalin against Prime Minister Narendra Modi of neglecting Tamil and promoting Sanskrit-Hindi are automatically proved wrong.

# एटीएम लूटने वाले बदमाशों की पुलिस से मुठभेड़, दो को लगी गोली, एक रिटायर्ड फौजी भी शामिल

मुरादाबाद के सिविल लाइंस क्षेत्र में एटीएम लूट करने वाले बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान दो बदमाशों तंजीम और मतीम के पैरों में गोली लगी है। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस के अनुसार पकड़े गए बदमाशों में एक रिटायर्ड फौजी भी शामिल है। बदमाशों से तीन लाख की नकदी,



वारदात में प्रयुक्त कार, तमंचे, कारतूस और अन्य सामान बरामद किया है। अधिकारियों का कहना है कि गैंग के बाकी नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

# गोवंश बढ़ा रहे मुसीबत, नहीं ली जा रही सुध...सांड़ के हमले में हुई थी पशु चिकित्सक की मौत

मूंढापाण्डे। सड़कों पर मौत बनकर घूम रहे गोवंशीय पशुओं से लोग पीड़ित हैं। किसान फसलों की



सुरक्षा को लेकर परेशान हैं। जिम्मेदार कोई सुध ही नहीं ले रहे। मुरादाबाद के लालपुर गंगवारी निवासी पशु चिकित्सक मरगूब को रविवार को घर लौटते वक्त सड़क पर सांड़ ने पटक-पटककर मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीणों ने बीडीओ ,एडीओ से शिकायत की तो महज दिलासा ही मिला। मूंढापाण्डे की अधिकांश ग्राम पंचायतों में गोवंश सड़कों पर मौत बनकर घूम रहे हैं।किसान गेहूं की फसल की देखरेख के लिए सर्दी में झोपड़ियां बना कर रह रहे हैं। फिर भी पशु फसलें चर जाते हैं। खंड विकास अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि पंचायत सचिव को पशुओं को पकड़ने के निर्देश दिए गए। जल्द ही सभी पशुओं को पकड़वा लिया जाएगा।गोवंशीय पशु बने बड़ा खतरा- डिलारी, अमृत विचार~ सरकार ने बेसहारा गोवंशीय पशुओं के लिए गौ आश्रय बनवाए हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते पशु सड़कों पर घूमते देखे जा रहे हैं। काशीपुर मुरादाबाद हाईवे स्थित गांव सिदावली, जहांगीरपुर, शिवदासपुर गुलरिया मुराद के पास दर्जनों की संख्या में पशु सड़क पर बैठ जाते हैं जिससे हादसों का खतरा रहता है। यातायात बाधित हो जाता है।

## टुकड़े-टुकड़े हो गया जिगर का टुकड़ा... रोटावेटर से कट गया मासूम, खेत से ढूंढ- ढूंढकर एकत्र करने पड़े अंग

यूपी के रामपुर के शाहबाद में एक मासूम बच्चा रोटावेटर से कट गया। उसके टुकड़े-टुकड़े हो गए। खेत से ढूंढ-ढूंढकर अंग एकत्र करने पड़े। शव की हालत देखकर मां बेहोश हो गई।रामपुर की शाहबाद तहसील के भगवंतपुर का मझरा गांव में रविवार को दिल दहला देने वाली घटना हो गई। खेत जोतते समय ट्रैक्टर पर बैठा सात साल का कुमार गौरव रोटावेटर की चपेट में आ गया। रोटावेटर के नीचे आने से उसके शरीर के कई टुकड़े हो गए। बेटे के शव को देखकर मां बेहोश हो गई। गांव के कुलवंत सिंह का बेटा कुमार गौरव गांव के ही एक युवक के साथ ट्रैक्टर पर बैठकर गया था। खेत की जुताई के दौरान अचानक मासूम अपना संतुलन खोकर ट्रैक्टर के पीछे गिर पड़ा। इसी दौरान पीछे लगे रोटावेटर ने बच्चे को बुरी तरह से कुचल दिया। रोटावेटर के नीचे आने के कारण शरीर के कई हिस्से जमीन में बिखर गए। हादसे की सूचना मिलते ही रोते-बिलखते माता-पिता खेत पर पहुंचे। चारों ओर फैला खून और बेटे के शरीर की हालत देखकर मां बेहोश हो गई। गांव के लोग भी यह मंजर देखकर कांप उठे। ग्रामीण और परिजन देर तक खेत में धंसे बच्चे के शरीर के टुकड़े इकट्ठा करते रहे।दस दिन बाद था जन्मदिन- पिता कुलवंत सिंह ने बताया कि कुमार गौरव एक बेटे और एक बेटी से उनका सबसे छोटा बेटा था। 17 दिसंबर को वह सात साल का होने वाला था। इस दर्दनाक हादसे के बाद से पिता कुलवंत सिंह, मां रूबी का रो-रोकर बुरा हाल है। केवल एक पैर ही सही सलामत मिला- शव की हालत को देखते हुए ग्रामीणों की सलाह पर परिवार ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव में मासूम की मौत से गहरा शोक है। पिता कुलवंत सिंह ने बताया कि रोटावेटर के नीचे आने से शरीर के कई टुकड़े हो गए, केवल एक ही पैर सलामत बचा था। रोटावेटर को देखकर डर रहे गांव के बच्चे- जिस तरह से कुमार गौरव लोधी की मौत हुई, इस घटना को सुनकर हर कोई स्तब्ध है। दर्दनाक मौत के बाद गांव के बच्चों में दहशत का माहौल देखा गया। गांव में उसके साथ खेलने वाले बच्चे घर से नहीं निकले और ट्रैक्टर और रोटावेटर को देखकर दहशत में आ रहे थे। गौरव शाहबाद के एक निजी विद्यालय में कक्षा एनसी का विद्यार्थी था। विद्यालय में जब बालक की मौत की खबर पहुंची, तो सुनकर अध्यापक भी कांप उठे। आदि शामिल रहे। सदमे में माता-पिता- रविवार को अवकाश होने के कारण कुलवंत ने खेत जोतने के लिए ट्रैक्टर तय किया था।

# रक्षाबंधन पर हुआ था लाइनपार के लड़कों से झगड़ा, अब युवक का बीच सड़क कत्ल; मुरादाबाद कांड की अनसुलझी कहानी

यूपी के मुरादाबाद में सिगरेट के विवाद में युवक की सरेशाम गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद परिजनों के साथ अन्य लोग भड़क गए। उन्होंने सड़क जाम लगा दिया। साथ ही हंगामा किया। तीन घंटे तक साईं अस्पताल के सामने लोकोशेड पुल पर अफरा-तफरी रही। परिजन ने सड़क पर शव रखकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।मुरादाबाद में सीएम योगी के जाने के चंद घंटे बाद ही लाइनपार के चिड़िया टोला में चार माह पूर्व सिगरेट को लेकर हुई मारपीट में सोमवार सरेशाम 22 वर्षीय प्रिंस चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह दोस्त से रुपये लेने




की बात कहकर घर से निकला था। गुस्साए परिजनों ने साईं अस्पताल के सामने लोकोशेड पुल पर शव रखकर जाम लगा दिया। इस बीच प्रिंस के पिता की हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर चले गए। तब जाकर लोकोशेड पुल का जाम खुल सका। लाइनपार रामेश्वर कॉलोनी निवासी प्रिंस चौहान बिजली निगम में संविदा पर चालक था।परिजनों के मुताबिक वह सोमवार शाम दोस्त से रुपये लेने की बात कहकर घर से निकला था। कुछ देर बाद ही परिजनों को उसकी मौत की खबर मिली। परिजन फौरन चिड़िया टोला पहुंचे और बेटे को कार में डालकर साईं अस्पताल लेकर पहुंचे। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वहां, डॉक्टर ने प्रिंस को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने साईं अस्पताल के सामने लोकोशेड पुल पर जाम लगा दिया। शव सड़क पर रखकर परिवार वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग और प्रदर्शन करने लगे। देर तक वाहन जाम में फंसे रहे। पुलिस ने किसी तरह परिजनों को हटाकर शव को एंबुलेंस में रखा और पोस्टमार्टम के लिए ले गई।गुस्साए परिजन ने तीन बार जाम की सड़क- इस पर परिजन और गुस्से में आ गए उन्होंने दोबारा सड़क जाम कर दी। शव को वापस लाने की मांग करने लगे। इस बात को लेकर रात 10~45 बजे तक लोकोशेड पुल पर हंगामा चला। इस दौरान मृतक के परिजनों ने तीन बार सड़क जाम की।पुलिस पर लापरवाही का आरोप- परिजन बार-बार पुलिस पर लापरवाही बरतने और उनकी बात न सुनने का आरोप लगाते रहे। इस दौरान मौके पर सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता, मझोला थाना और सिविल लाइंस थाना प्रभारी उन्हें समझाने में लगे रहे।

# मीटर व्यवस्था को आधुनिक बनाने की पहल, नए कनेक्शन पर लगेगा नया मीटर


मुरादाबाद । बिजली विभाग में मीटर व्यवस्था को पूर्ण रूप से आधुनिक बनाने की पहल हो रही है। पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल ने मंडल के अधिकारियों को मार्च 2027 मार्च तक शत प्रतिशत एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड मीटर बदलने के किए हैं।बिजली मीटर लगाने के सख्त रुख अपना मीटर बदलने के लापरवाही करने कर्मचारियों पर



एफिशिएंसी (ईईएसएल) निर्देश जारी विभाग स्मार्ट मामले में रहा। स्मार्ट कार्य में वाले अधिकारी कार्रवाई का चाबुक चलना तय है। सोमवार को मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि अब पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल ने मंडल के सभी 14 लाख उपभोक्ताओं के मीटर को स्मार्ट मीटर से बदलने के लिए 16 महीने 2027 मार्च तक का समय निर्धारित कर दिया है। इसके अलावा नये बिजली कनेक्शनों पर केवल नए स्मार्ट मीटर ही लगाए जाएंगे। इस पूरे अभियान की मॉनिटरिंग मुख्य अभियंता स्तर से की जाएगी,ताकि कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा हो सके। चेयरमैन के आदेशों के तहत मंडल के सभी अधीक्षण अभियंता और संबंधित अधिकारी हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट चेयरमैन कार्यालय भेजेंगे, जिसमें बदले गए मीटरों की संख्या, नई स्थापना तथा लंबित कार्यों का पूरा विवरण शामिल होगा। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में लगे सभी खराब,जर्जर या पुराने मीटर पूरी तरह स्मार्ट मीटर से बदले जाएंगे, ताकि उपभोक्ताओं को सटीक बिलिंग, पारदर्शिता और त्वरित सेवा का लाभ मिल सके। इस बड़े अभियान के पूरा होने पर न केवल चोरी व लाइन लॉस में कमी आएगी, बल्कि बिलिंग विवाद भी काफी हद तक समाप्त हो जाएंगे।बिजली बिल राहत योजना का दायरा बढ़ा, अब गांव,देहात में भी लगेंगे शिविर- बिजली विभाग की ओर से उपभोक्ता बिल राहत योजना का दायरा बढ़ाये जाने के बाद अब जिले में शिविर की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। विभाग ने निर्णय लिया है कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाने के लिए गांव,देहात के पंचायत भवनों में विशेष कैम्प आयोजित किए जाएंगे। बढ़े हुए दायरे में सरचार्ज और समय अवधि में उपभोक्ताओं को रहात दी गई जो कि वर्ग बार है। सोमवार को मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरसिया ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में उपभोक्ता ऐसे हैं जो बकाया बिजली बिल जमा कराने के लिए उपकेंद्र तक नहीं पहुंच पाते। बढ़े हुए कैंपों के माध्यम से उपभोक्ता अब अपने ही गांव में राहत योजना के तहत बकाया बिल जमा कर सकेंगे तथा सरचार्ज माफी का लाभ प्राप्त कर पाएंगे।अधिकारी जल्द ही हर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों की सूची जारी करेंगे, जहां चरणबद्ध तरीके से शिविर लगाए जाएंगे। विभाग का कहना है कि शिविर की संख्या बढ़ने से जिले में बकाया वसूली भी तेजी से बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को भी बड़ी राहत मिलेगी।विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि व समय पर अपने दस्तावेजों के साथ कैंप में पहुंचकर योजना का लाभ अवश्य उठाएं।

# प्रमोद कृष्णम बोले...ममता बनर्जी से सनातन समाज में नाराजगी

मुरादाबाद । ऐंचौड़ा कम्बोह स्थित श्रीकल्कि धाम में पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने कहा कि पश्चिम बंगाल में बाबर के नाम पर मस्जिद को लेकर सनातनी समाज में नाराजगी है। आचार्य प्रमोद कृष्णम् ने कहा कि धार्मिक स्थल के निर्माण का स्वागत है, लेकिन से भावनाएं आहत होना स्वाभाविक है। उन्होंने का हिस्सा है। भारत पर आक्रमण करने वाले इमारतें बनाए जाने से विवाद बढ़ सकता है। बाबरी वाले टीएमसी विधायक के निष्कासन पर प्रतिक्रिया निष्कासन से समस्या हल नहीं होगी। उन्होंने सुझाव हो तो इसे किसी सूफी संत अथवा औलिया के अनुसार इससे सामाजिक सौहार्द और धार्मिक



भारतीय भूमि पर किसी भी आक्रांताओं के नाम पर निर्माण कहा कि वेस्ट बंगाल भी भारत व्यक्तियों के नाम पर स्मारक या मस्जिद को लेकर बयान देने देते हुए आचार्य ने कहा कि सिर्फ दिया कि यदि मस्जिद बनाना नाम पर बनाया जाए। उनके सम्मान को बढ़ावा मिलेगा। आचार्य ने कहा कि धर्म किसी तरह की हिंसा, झूठ या लूट की शिक्षा नहीं देता। शांति और सद्भाव ही उसकी मूल भावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### माता-पिता के बीच सो रहा था 21 दिन का नवजात, दोनों के बीच दबने से हुई मौत, घटना सुन चिकित्सक भी हैरान

गजरौला में दबने से 21 दिन की नवजात की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। चिकित्सक भी इस घटना के बाद हैरान हैं। संदिग्ध हालत में 21 दिन के मासूम की मौत हो गई। उसे परिजन सीएचसी में लेकर आए थे। चिकित्सकों को बताया कि सोते समय दब जाने से उसकी हालत बिगड़ गई। बिना कार्रवाई परिजन बच्चे के शव को घर ले गए। मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर का है।गांव निवासी एक ग्रामीण परिवार रविवार रात अपने 21 दिन के बेटे को लेकर सीएचसी में पहुंचा। उसने चिकित्सकों को बताया कि उनका मासूम बेटा अपने माता-पिता के बीच सो रहा था। सोते समय वह दब गया था। इससे उसकी हालत बिगड़ गई।सीएचसी प्रभारी डॉ. योगेंद्र सिंह ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे के शव को लेकर परिजन बिना कार्रवाई घर ले गए। घटना को लेकर चिकित्सक भी हैरान हैं।

### गैंगरेप के विरोध पर गैर इरादतन हत्या में 20 वर्ष कैद, सह आरोपी महिला बरी

मुरादाबाद । युवती को कार कंपनी में नौकरी का झांसा देकर 8 वर्ष पूर्व गैंगरेप करवाने व विरोध करने पर सरिया से मारपीट कर गैर इरादतन हत्या करने के आरोपी मुरादाबाद के थाना मझोला के काशीराम कालोनी निवासी सुधीर कुमार उर्फ सूचित को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय अशोक कुमार यादव ने 20 वर्ष कठोर कारावास 56 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। सहयोग की आरोपी जमीला को बरी कर दिया। एक अन्य आरोपी विपिन के गैर हाजिर रहने के कारण उसकी पत्रावली पृथक विचाराधीन हैं। सरकारी वकील सुरेश बाबू साहू ने बताया कि पीड़िता की मां ने पुलिस महानिरीक्षक बरेली को तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री को 29 नवम्बर 2017 को अनिल कार कम्पनी में 10 हजार रुपये महीने की नौकरी का झांसा देकर अपने साथ बरेली ले आया और उसे कई दिन तक अपने साथ थाना सुभाषनगर क्षेत्र में बंधक बनाकर रखा और उसके साथ दुष्कर्म किया। बेटी ने विरोध किया तो उसे सरियों से मारा-पीटा तथा बेहोश होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कर छोड़कर भाग गया। जब बेटी को होश आया और उसे पीड़िता के बरेली में होने की जानकारी मिली तो वह वहां पहुंची। पता चला कि वहां कई ऐसी और लड़कियां थीं। वारदात में सुधीर के साथ दो अन्य लोग जिनके नाम विपिन और जमीला हैं, शामिल थे। सुधीर व इसके साथी लड़कियों की खरीद फरोख्त करते हैं। पुलिस ने बंधकर बनाकर गैंगरेप करने, गैर इरादतन हत्या, मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 11 गवाह पेश किये।

### 2500 वक्फ संपत्ति पंजीकृत, प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा रामपुर

मुरादाबाद ।उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्ति पंजीकरण मामले में रामपुर उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा है। अब तक जिले से लगभग 2500 वक्फ सफलतापूर्वक पोर्टल पर दर्ज किए जा चुके हैं।

वक्फ कोऑर्डिनेटर अनस नदीम ने बताया कि वे संपत्ति जो पहले रिकॉर्ड में दर्ज थीं, लेकिन किसी कारणवश उम्मीद पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पाए थे। उनके लिए अब पहले लखनऊ ट्रिब्यूनल से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अनुमति प्राप्त होने के बाद ही ऐसे वक्फ को उम्मीद पोर्टल पर अपलोड किया जा सकेगा। इस उद्देश्य से संबंधित व्यक्ति सीधे लखनऊ ट्रिब्यूनल भी जा सकते हैं। अथवा नीचे दिए गए नंबरों पर संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। जिन लोगों ने अपना वफ्फ उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करा लिया है, वे कम से कम सप्ताह में एक बार अपने वक्फ की स्थिति अवश्य जांचते रहें। स्थिति जांचने के लिए पोर्टल पर अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। यदि इस दौरान किसी प्रकार की समस्या या कठिनाई आती है तो वक्फ कोऑर्डिनेटर अनस नदीम संपर्क कर सकते हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# बी.सी.सी.आई. के घरेलू क्रिकेट के अंतर्गत कूच बेहार ट्राफी अंडर-19 के मैच का शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में 16 दिसंबर से 19 दिसंबर 2025 के बीच आयोजित होने वाले इस मैच में उत्तर प्रदेश और बंगाल की टीमों के बीच मुकाबला होगा। मैच को सफल बनाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसकी जानकारी देने के लिए बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की ओर से सोमवार (8 दिसंबर 2025) को प्रेस वार्ता आयोजित हुई। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बी.सी.ए.) की ओर से आयोजित कांफ्रेस में बीसीए सचिव सीताराम सक्सेना ने कहा कि बरेली क्रिकेट एसोसिएशन जिले में क्रिकेटर्स को बढ़ाने का हर संभव प्रयास कर रहा है। क्रिकेट प्रतिभाओं को तलाशने और उन्हें निखारने के लिए लगातार कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसके साथ ही तमाम प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। बरेली क्रिकेट एसोसिशन में संरक्षक के रूप में आदित्य मूर्ति जी के आने के बाद एसोसिएशन तमाम क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित कर चुकी है। पिछले दिनों एसआरएमएस के सहयोग से पहली बार श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वुमन क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित हुआ। जिसमे देहरादून, हल्द्वानी, दिल्ली और बरेली की टीम शामिल हुईं। एसआरएमएस ट्रस्ट और आदित्य मूर्ति के सहयोग से बीसीए कूच बेहार ट्राफी के दो मैच भी सफलतापूर्वक आयोजित करवा चुका है। इसी को देखते हुए यूपीसीए ने बीसीए को कूच बेहार ट्राफी के तीसरे मैच के आयोजन की जिम्मेदारी दी है। पूर्व में हुए दोनों मैचों की तरह ही 16-19 दिसंबर को आयोजित होने वाला यह मैच भी श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराम मूर्ति मैमोरियल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। कूच बेहार ट्राफी का तीसरी मैच मिलना हम सबके लिए बड़ी सफलता है। मैच आवंटित करने से पहले बी.सी.सी.आई. और यू.पी.सी.ए. के पदाधिकारियों ने श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम का अवलोकन किया था। यहां उपलब्ध सुविधाओं और ग्राउंड के मानकों पर खरा उतरने के उपरांत श्रीराम मूर्ति




स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को तीसरी बार कूच बेहार ट्राफी मैच कराने के लिए चुना गया। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में क्रिकेट ग्राउंड बनने के बाद से ही बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बी.सी.ए.) यहां मैच आयोजित कराने का लगातार प्रयास कर रहा था। ऐसे में श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में कूच बेहार ट्राफी का तीसरा मैच खेला जाना, हम सबके साथ बरेली के लिए भी महत्वपूर्ण और सौभाग्य की बात है। अगर बरेली में एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड नहीं होता तो हमें कूच बेहार ट्राफी के मैच नहीं मिलते। बरेली को क्रिकेट की अत्याधुनिक सुविधायुक्त स्टेडियम देने के लिए श्री देव मूर्ति जी और एसआरएमएस ट्रस्ट के हम आभारी हैं। विशेषकर आदित्य मूर्ति जी के, जिन्होंने इस मैच के लिए सभी सुविधाएं प्रदान कीं। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन (बी.सी.ए.) के संरक्षक और एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने कहा कि यूपीसीए की ओर से तीसरी बार बरेली को कूच बेहार ट्राफी के मैच के लिए श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम को चुना गया है। बरेली में आयोजित होने वाला यह बी.सी.सी.आई. अधिकृत तीसरा मैच है। इससे पहले वर्ष 2022 में 12 -15 नवंबर को उत्तर प्रदेश और नागालैंड के बीच और वर्ष 2024 में 6 - 9 नवंबर को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की टीमों के बीच श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में सफलतापूर्वक मैच आयोजित हो चुके हैं। बरेली में तीसरी बार कूच बेहार ट्राफी का मैच आयोजित होना हम सब क्रिकेट प्रेमियों और शहरवासियों के लिए गर्व व हर्ष का विषय है और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के लिए बड़ी उपलब्धि। बीसीसीआई की ओर से उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) को इस वर्ष तीन मैचों के आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। यूपीसीए ने इन तीन मैचों में एक मैच बरेली क्रिकेट एसोसिएशन और एसआरएमएस को दिया। यह यहां उपलब्ध विश्वस्तरीय सुविधाओं, इंफास्ट्रक्चर, स्तरीय पिच, हास्पिटैलिटी, टीम वर्क और बीसीए की बदौलत ही संभव हुआ है। ऐसे में यह मैच बरेली में होना हमारे साथ ही बरेली के लिए भी ज्यादा खुशी की बात है। श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी स्थित श्रीराम मूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम तीसरी बार कूच बेहार ट्राफी के मैच के आयोजन की जिम्मेदारी उठा रहा है।आदित्य मूर्ति ने कहा कि एसआरएमएस ट्रस्ट अपनी स्थापना से ही खेलों के माध्यम से युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अग्रसर है। क्रिकेट की ओर बढ़ते रुझान को देखते हुए, उन्हें कुशल प्रशिक्षकों के माध्यम से क्रिकेट के गुर सिखाने के लिए वर्ष 2014 में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी शुरू की गई थी। इससे प्रदेश स्तरीय कई क्रिकेट प्रतिभाएं उभरीं। जिसमें अनंत भटनागर, शुभम मिश्रा, अर्पित यादव, देवांश मूर्ति, जतिन गौतम और गौतम अरोरा ने राज्यस्तरीय टीम में स्थान बनाया अनंत ने वर्ष 2014 में राजसिंह डूंगरपुर ट्राफी में उ.प्र. की ओर से फाइनल में मध्य प्रदेश के खिलाफ सात विकेट लेकरअपनी टीम को जीत दिलाई। वर्ष 2017 में अनंत के नेतृत्व में उ.प्र की अंडर 14 टीम जीती। शुभम मिश्रा 2018 में अंडर 14 टीम में शामिल हुए। आयोजन समिति बना कर कूच बेहार ट्राफी की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दोनों प्रदेशों की टीमों के खिलाड़ी 14 दिसंबर को बरेली पहुंचेंगे। अगले दिन दोनों टीमें प्रैक्टिस करेंगी और 16 दिसंबर सुबह 9 बजे दोनों टीमों के बीच मैच आरंभ होगा। कांफ्रेंस में बीसीए उपाध्यक्ष राजेंद्र मनोहर शर्मा, सीनियर ज्वाइंट सेक्रेटरी ओपी कोहली ट्रेजरार शहजाद अली, चंचल , राकेश शर्मा, मनीष सिंह मौजूद रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### 25000 रूपये इनामी फरार शातिर अपराधी को प्रेमनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / बरेली। प्लॉट दिलाने के नाम पर करोड़ों की कमाई कर गायब हुआ ठग पवन शर्मा आखिरकार पकड़ में आ गया। छह साल से फरार चल रहा यह आरोपी मंगलवार सुबह झुमका चौराहे पर प्रेमनगर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसपी सिटी मानुष पारीक ने खुलासा करते हुए बताया कि 2010-11 में प्रेस्टीज इंफ्रा डेवलपर्स और तथाकथित प्रेस्टीजियस आवासीय समिति के नाम पर चौधरी कॉम्प्लेक्स से कंपनी चलाई गई। प्लॉट देने का झांसा देकर लोगों से किस्तों में मोटी रकम वसूली गई। भरोसा बढ़ाने के लिए पूरे स्टाफ में रिश्तेदारों को ही बैठाया गया। 2019 में मामला खुला तो प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ लेकिन मास्टरमाइंड पवन शर्मा तब तक रफूचक्कर हो चुका था। हैदराबाद में भी पकड़ा गया था 1.10 करोड़ की साइबर ठगी आरोपी ने पकड़े जाने के बाद उसने चौंकाने वाला खुलासा किया है, बोला- हैदराबाद में भी 1 करोड़ 10 लाख की साइबर फ्रॉड में मेरी गिरफ्तारी हुई थी। यानी ठगी का खेल बरेली से लेकर दक्षिण भारत तक फैला हुआ था। इस शातिर पर ठगी, गबन, धमकी और जालसाजी जैसे गंभीर आरोपों में 12 मुकदमे दर्ज हैं।



### हनुमान जी के जयकारों से गूंजा श्री हरि मंदिर

क्यूँ न लिखूँ सच / बरेली श्री हरि मंदिर मॉडल टाऊन बरेली में मंगलवार को भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। सुबह के सत्र में मंदिर के पंडित सुनील शास्त्री के द्वारा श्री हनुमान जी का विधिवत पूजन व शृंगार किया गया। भक्तजनों द्वारा मंगलवार को अपनी अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु पधारते है और श्री हनुमान जी की पूजा करते है । शाम के सत्र में श्री हरि संकीर्तन श्री हरि संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों की रसधारा बहाई गई जिस मे रवि छाबड़ा ने है दु:ख भंजन मारुति नंदन....,संजय आनन्द ने मंगल मूर्ति राम दुलारे..,पंकज नेआज मंगलवार है ..,सचिन सेठी ने कीजे केसरी के लाल .. दुआ ने झूम झूम नाचे देखो भक्त हनुमान...आदि आदि भजनों से सारा श्री हरि मंदिर प्रांगण भक्तिमय हो गया। उसके बाद सभी उपस्थित भक्तजनों द्वारा सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ हुआ और श्री हनुमान जी की सामूहिक आरती हुई, व शयन आरती के पाश्चात्य सभी भक्तजनों में भंडारा प्रसादी का वितरण हुआ। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि सामूहिक श्री हनुमान चालीसा व आरती विगत कई वर्षों से श्री हरि मंदिर प्रांगण में हो रही है,जिस में सभी आयु वर्ग में लोग सम्मिलित होते है

# फ्यूचर यूनिवर्सिटी में TED& का प्री-लॉन्च, 13 दिसंबर को दिग्गज साझा करेंगे अनुभव

क्यूँ न लिखूँ सच /पं सत्यमशर्मा / बरेली । फ्यूचर यूनिवर्सिटी, बरेली में एक विशेष समारोह में TED& इवेंट के पहले संस्करण की प्री-लॉन्च सेरेमनी आयोजित की गई। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम का विषय 'TED& Future University: इनोवेटिंग फॉर बेटर टुमॉरी% रखा गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य वैश्विक विचारों और नवाचार को बढ़ावा देना है। मुख्य कार्यक्रम 13 दिसंबर 2025 को फ्यूचर यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता कुलाधिपति मुकेश गुप्ता, सह-कुलाधिपति दीप गुप्ता और प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर पंकज कुमार मिश्रा ने की। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के विज़न पर विस्तार से चर्चा की गई, जो वैश्विक विचारों और नवाचार को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। कुलाधिपति मुकेश गुप्ता ने बताया कि "TED& फ्यूचर यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए एक ऐसा मंच बनेगा जहाँ वे दुनिया के सबसे प्रेरणादायक विचारकों से सीधे जुड़ पाएंगे। यह पहल हमारे छात्रों में रचनात्मकता और समस्या समाधान की भावना को प्रेरित करेगी।

कुलपति प्रोफेसर पंकज कुमार मिश्रा ने इस अवसर पर कहा, यह हमारे परिसर में आयोजित होने वाला पहला TED& कार्यक्रम है। हमारा मुख्य उद्देश्य स्वच्छ उत्पादन, चिकित्सा के भविष्य, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा में परिवर्तन और नई पीढ़ी को प्रेरित करने जैसी अभिनव कहानियों को मंच पर लाना है। सह-कुलाधिपति दीप गुप्ता ने




इस मौके पर कहा, "TED& जैसे वैश्विक मंच का हिस्सा बनना हमारे विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। यह कार्यक्रम न केवल हमारे छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के सफल व्यक्तित्वों से सीखने का अवसर देगा, बल्कि उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित भी करेगा।

हम चाहते हैं कि हमारे छात्र नवाचार और उद्यमशीलता की भावना के साथ आगे बढ़ें। प्रोफेसर मिश्रा ने उन प्रतिष्ठित मेहमानों की सूची भी साझा की, जो युवाओं के साथ अपने जीवन की कहानियाँ और विचार साझा करेंगे। TED& Future University में देश के विभिन्न क्षेत्रों से चुनिंदा प्रतिष्ठित व्यक्तित्व अपने अनुभव प्रस्तुत करेंगे, जिनमें डॉ. वरुण कपूर (वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी, डीजीपी मध्य प्रदेश पुलिस और साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ, जिनके इंस्टाग्राम पर 215च फॉलोअर्स हैं), जन्नत जुबैर रहमानी (प्रसिद्ध अभिनेत्री और डिजिटल इन्फ्लुएंसर जिनके इंस्टाग्राम पर 50 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं), लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज कुमार सिन्हा (शौर्य पुरस्कार विजेता, सेना के दिग्गज, लेखक और कवि), सुश्री सोनिका पिल्ली (हेल्थकेयर उत्साही और संस्थापक Med Teens, जो मैरीलैंड यूएसए से विशेष रूप से इस कार्यक्रम के लिए आ रही हैं), यश अग्रवाल (निदेशक, Naturant Industries Pvt. Ltd. और Chuknoo Securities Ltd.), सुश्री आराध्या वत्स (सीईओ, EduAbroad), प्रोफेसर (डॉ.) पंकज कुमार मिश्रा (प्रो वाइस चांसलर, फयूचर यूनिवर्सिटी), हंसा सिंगला (उद्यमी और डिज़ाइन स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट), तथा हर्ष वर्धन सिंह कुर्की (उद्यमी, निदेशक The Kurki Heritage, जो मीराबाई परिवार की विरासत से जुड़े हैं और जयपुर राजपरिवार से उनके घनिष्ठ संबंध हैं) शामिल हैं। प्रोफेसर मिश्रा ने विश्वास व्यक्त किया कि TED& Futurel University इवेंट छात्रों के बौद्धिक क्षितिज का विस्तार करेगा और उन्हें कल के लिए बेहतर दुनिया बनाने हेतु नवाचार करने के लिए प्रेरित करेगा। यह कार्यक्रम विशेष रूप से रक्षा, प्रशासन, मनोरंजन, स्वास्थ्य सेवा, उद्यमिता और शिक्षा जैसे विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों के अनुभव और ज्ञान को युवाओं तक पहुंचाने का एक अनूठा मंच साबित होगा।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय शिवपुरी का किया औचक निरीक्षण, दिए सुधारात्मक निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच / राजकुमार शर्मा(कटारे)/ शिवपुरी, ब्यूरो। कलेक्टर रवीन्?द्र कुमार चौधरी ने सोमवार को जिला चिकित्सालय शिवपुरी का औचक निरीक्षण कर विभिन्न वार्डों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसएनसीयू यूनिट, मेटरनिटी वार्ड, ओपीडी, डायलिसिस यूनिट, गायनिक ओपीडी सहित कई महत्वपूर्ण इकाइयों का भ्रमण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्य तत्काल करने के निर्देश दिए। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. यादव, तहसीलदार शिवपुरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर चौधरी ने मेटरनिटी वार्ड में अटेंडरों के बैठने की उचित एवं पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अटेण्डर पास सिस्टम को सख्ती से लागू किया जाए तथा प्रत्येक मरीज के साथ केवल एक ही अटेण्डर रहने की अनुमति दी जाए, इसके लिए परिजनों को समझाइश भी दी जाए। अस्पताल परिसर में अनावश्यक वाहनों की आवाजाही रोकने तथा साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही खुले स्थानों पर चंपा के पौधे लगाने को कहा। डायलिसिस यूनिट की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्टाफ की कमी को दूर कर यूनिट को 24म7 क्रियाशील करने की दिशा में आवश्यक मानव संसाधन एवं मशीनों की व्यवस्था हेतु वरिष्ठ कार्यालय को पत्र भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान कक्ष में पात्र कार्डधारकों को वार्ड में भर्ती करने और इस संबंध में आयुष्मान भारत आउटसोर्स कंपनी को पत्राचार करने के निर्देश भी दिए। डीएनबी/एनबीई तथा पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम के छात्रों हेतु लाइब्रेरी व्यवस्था विकसित करने को कहा। बालरोग सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु कलेक्टर ने मुस्कान पीडियाट्रिक ओपीडी के विस्तार, शिशु रोग इमरजेंसी में सुविधाओं की वृद्धि तथा पीआईसीयू यूनिट में बढ़ती आवक को देखते हुए अतिरिक्त ऑक्सीजन पेनल स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही महत्वपूर्ण वार्डों में शुद्ध पेयजल स्टैंडर्ड यूनिट लगाने के भी निर्देश दिए। अस्पताल में उपलब्ध अक्रियाशील तथा पुराने डीजी सेट के अपलेखन कार्य में तेजी लाने तथा पीडब्ल्यूडी के सहयोग से प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा जारी किए गए।




# 10 साल से एक ही जगह जमे वनपाल उमेश कुमार बर्मन पर गंभीर आरोप

## उमरिया कलेक्टर के यहां जनसुनवाई में दिए गए शिकायती पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रदीप कुमार तिवारी डिप्टी मैनेजर संपादक/ मानपुर - उमरिया 10 साल से एक ही जगह जमे वनपाल उमेश कुमार बर्मन पर गंभीर आरोप उमरिया कलेक्टर के यहां जनसुनवाई में दिए गए शिकायती पत्र नाबालिग को फँसाने की कोशिश या भ्रष्टाचार की गहरी साज़िश? वन्य प्राणी का एक दांत तथा एक नाखून बरामद जबकि फोटो में 2 नाखून 1 दांत दिख रहा हैं गंभीर मुद्दा जांच का विषय उमरिया जिले की मानपुर तहसील से बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के भीतर एक ऐसा संगीन मामला सामने आया है जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। वन विभाग के वनपाल उमेश कुमार बर्मन, जो लगातार 10 वर्षों से एक ही जगह पर पदस्थ हैं, उनके ऊपर गंभीर आरोपों की बौछार होने लगी है। अपने पद का करते हैं दुरुपयोग ग्रामीणों का कहना है कि यह अंगद का पांव की तरह जमे हैं और लगातार आमजन को प्रताड़ित कर रहे हैं। नाबालिग को झूठे केस में फँसाने का आरोप ग्राम महेनवाह निवासी अमानशाह सिंह ने क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय के कार्यालय में लिखित आवेदन देकर अपने नाबालिग भाई के साथ हुए अन्याय की पूरी कहानी बताई। नाबालिग की जेब से निकली कथित पुड़िया को विभागीय स्टाफ की बजाय बाहरी युवक प्रियांशु गौतम को पकड़ाकर क्यों रखा गया? सूत्रों का कहना है कि संभव है पुड़िया खुद उमेश बर्मन ने ही डालकर बाद में निकाल ली हो!आरोप यह आरोप सीधे-सीधे साजिश, हेरफेर और झूठे केस में फँसाने की कोशिश की ओर इशारा करते हैं। वीडियो और फोटो में बड़ा अंतर - गायब नाखून बना रहस्य जांच के दौरान एक और बड़ा खुलासा- वीडियो में एक दांत और एक नाखून दिख रहा था। जबकि फोटो में दो नाखून और एक दांत नजर आ रहे हैं! सवाल उठा- एक नाखून कहां गायब हुआ? किसने हटाया? क्यों हटाया? यह सभी बातें मामले को और भी संदिग्ध बनाती हैं। नाबालिग शेर का शिकार नहीं कर सकता - फिर आरोपी कौन? अमानशाह का कहना है- मेरा भाई नाबालिग है, वह 'टाइगर हंटिंग' जैसा अपराध कर ही नहीं सकता।卐 अगर किसी का नाम लिया गया था तो अब तक उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? आखिर पूरा मामला किस दिशा में मोड़ा जा रहा है? अमनसाह के द्वारा बताया गया कि वनपाल उमेश कुमार बर्मन ने मेरे से 1लाख रुपए की मांग की गई लगे गंभीर आरोप वनपाल उमेश कुमार बर्मन के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें यह कोई पहला मामला नहीं है। ग्रामीणों द्वारा बताए गए पुराने आरोप- कमलभान सिंह का मुर्गा वन चौकी में ले जाकर खाने का आरोप ?1500 लेकर मुआवजा फॉर्म बनाने का आरोप (काशी चौधरी) दरबारी लाल चर्मकार का आरोप- पैसे लिए बिना कोई काम नहीं करते भ्रष्टाचार की शिकायतों के बावजूद 10 साल से लगातार एक ही जगह पोस्टिंग ग्रामीणों का कहना है कि वनपाल को उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है, तभी इनके खिलाफ कभी सख्त कार्यवाही नहीं होती। पत्रकार ने जब वीडियो दिखाया तो शुरू हुआ धमकाने का खेल पत्रकार ने जब पूरा वीडियो मुख्य वन संरक्षक व क्षेत्र संचालक डॉ. अनुपम सहाय को दिखाया तो उन्होंने कहा- व्हाट्सऐप में भेजिए, कार्रवाई करेंगे। लेकिन इसके तुरंत बाद वनपाल उमेश बर्मन उसी इलाके में पहुँचकर वीडियो में बोलने वालों को डराने-धमकाने लगे। इससे ग्रामीणों में यह संदेश गया कि मामला मिलीभगत का हो सकता है। अब बड़ा सवाल- आखिर 10 साल से एक ही जगह पोस्टिंग किसके संरक्षण मेंज और क्यों? कितने और मामलों को दबाया गया? कब होगी स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच? ग्रामीणों की मांग - निष्पक्ष जांच और तत्काल कार्रवाई गांव के लोगों की सीधी मांग पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच हो नाबालिग को न्याय मिले वनपाल पर लगे सभी पुराने और नए आरोपों की जांच हो दोषी मिले तो सख्त कार्रवाई, चाहे वह कोई भी हो अमानशाह सिंह अगर मेरा भाई दोषी है तो उस पर भी कार्रवाई की जाएज पर जांच निष्पक्ष हो। मामला बेहद गंभीर है। ग्रामीणों की पीड़ा भारी है। अब देखना यह है कि बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व प्रशासन और उच्च वन अधिकारी इस पूरे मामले पर कितनी पारदर्शिता के साथ कार्रवाई करते हैं।



# जनपद की तीनों विधानसभा में 99.74% कार्य पूरा, जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील




क्यूँ न लिखूँ सच / राजेंद्र विश्वकर्मा/ जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष प्रागाढ़ पुनरीक्षण-2026 के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य अभियान की आज तक की प्रगति की समीक्षा करना और शेष कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कराना रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद की तीनों विधानसभा माधौगढ़, कालपी और उरई में विशेष प्रागाढ़ पुनरीक्षण कार्य तेजी से चल रहा है और अब तक 99.74 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने इसे प्रशासनिक टीम और फील्ड स्तर के अधिकारियों की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया तथा शेष कार्य को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल अधिकारी मतदाता सत्यापन और अपडेशन का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं, लेकिन कई स्थानों पर ऐसे मतदाता हैं जो अब तक मिल नहीं सके। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने-अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से ऐसे मतदाताओं तक पहुँचें, उनका फॉर्म भरवाएँ ताकि उनका नाम ड्राफ्ट सूची में सम्मिलित किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अभियान अपने अंतिम चरण में है और किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न छूटे, यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपेक्षा की कि वे नागरिकों में जागरूकता बढ़ाएँ और ज़रूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने में मतदाताओं की मदद करें, ताकि छूटे हुए नाम जुड़ सकें। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, भारतीय जनता पार्टी से शांति माहेश्वरी, समाजवादी पार्टी से जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर, बहुजन समाज पार्टी से भगवती शरण पांचाल, अपना दल एस से अनिल अटरिया, सीपीएम से विनोद कुमार सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## शराबी ने घर में घुसकर की गाली गलौज रिपोर्ट दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच / पूरनपुर-पीलीभीत।आरोपी ने शराब के नशे में धुत होकर एक व्यक्ति के घर में घुसकर गाली गलौज की। कई बार समझाने के बाद भी वह नहीं माना। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसका वीडियो भी बना लिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर के रहने वाले सतीश कुमार सिंह पुत्र छत्रपाल सिंह ने बताया कि गांव का रहने वाला गोदपाल सिंह पुत्र बच्चन सिंह ने शराब के नशे में उनके घर में घुसकर गाली-गलौज करने लगा। कई बार समझाने के बाद भी गोदपाल नहीं माना। इस पर सतीश सिंह ने डायल 112 पुलिस को फोन कर बुला लिया।पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर आरोपी गोदपाल को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना। पुलिस ने आरोपी की हरकत का वीडियो भी बना लिया। सतीश कुमार सिंह ने गोदपाल से अपनी जान माल का खतरा बताते हुए शिकायत की। पुलिस ने गोदपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## विद्युत उपकेंद्र पर बिजली बिल राहत शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच / बीसलपुर-पीलीभीत। विद्युत उपकेंद्र पर मंगलवार को बिजली बिल राहत शिविर का आयोजन किया गया एसडीओ जगदीश सिंह ने बताया कि राहत शिविर का पहला चरण 1 दिसंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक चलेगा इस अवधि में गांव गांव जाकर बिजली बिल बकाएदारों को राहत देने के लिए राहत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। दियोरिया उपकेंद्र पर राहत शिविर में 22 बिजली बिल बकाएदारों ने अपना बकाया बिल जमा किया ।राहत शिविर में 1 लाख 80 हजार रुपए का राजस्व जमा किया गया। उपकेंद्र पर आयोजित राहत शिविर में एसडीओ जगदीश सिंह, जेई लक्ष्मी कांत, कुलदीप सहित समस्त संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।




# कायमगंज में दो अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरफ्तार: पुलिस ने 6 बाइक, चेचिस और उपकरण बरामद किए

क्यूँ न लिखूँ सच / श्याम जी का श्याम /फर्रुखाबाद7 कायमगंज 7 कायमगंज कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो अंतरजनपदीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने छह मोटरसाइकिलें, एक चेचिस, चाबियों का गुच्छा और अन्य उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिसकर्मियों ने अपराधियों की धरपकड़ का अभियान चलाया था। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि दो अंतरजनपदीय वाहन चोर बाइक चोरी की नीयत से क्षेत्र में घूम रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई और पिथौरा गांव के पास स्थित तिराहे से दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान निर्दोष माथुर पुत्र रामावतार (निवासी मोहल्ला मिश्राना, थाना पटियाली) और सत्य प्रकाश उर्फ सचिन पुत्र लालाराम टेलर (निवासी मोहल्ला सेन, थाना पटियाली) के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरजीत सिंह और उपनिरीक्षक सोमवीर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी इस कार्रवाई में शामिल थे। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि दोनों आरोपी अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह के सदस्य हैं। निर्दोष माथुर पर बदायूं, एटा, कासगंज और फर्रुखाबाद जनपदों में कुल 19 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि सत्य प्रकाश पर तीन मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपी पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं।




# सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच /राजेंद्र विश्वकर्मा/ कोंच(जालौन) आज सरोजिनी नायडू पार्क में कोंच नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत की राजनीति में त्याग और बलिदान की मूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी पत्नी श्रीमती सोनिया गांधी जी का 79 वां जन्म दिन मनाया गया इस मौके पर राघवेंद्र तिवारी अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी कोंच श्री नारायण दीक्षित. मो.जाहिद आनंद अग्रवाल पूर्व नगर पालिका प्रतिनिधि. आजाद उद्दीन सभासद मोहम्मद जाहिदपुर सभासद नुरुल हक. शकील अहमद पूर्व सभासद कासिम मंसूरी असद अहमद रज्जाक अंसारी छोटेलाल कुशवाहा अवधेश अवस्थी समसुद्दीन मंसूरी सभासद खतीब लकी दुबे सभासद प्रतिनिधि शंभू दयाल कुशवाहा बबलू शर्मा नरेंद्र राठौड़ सरताज उद्दीन सभासद प्रतिनिधि. राजेंद्र प्रजापति सहित कई पार्टी जन मौजूद रहे



## जान से मारने की नीयत से युवक पर झोंका फायर

क्यूँ न लिखूँ सच / पूरनपुर-पीलीभीत।पंप पर पेट्रोल डलवाने गए एक युवक को दो लोग बुलाकर शेरपुर कलां की ओर ले गए। दोनों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से युवक पर तमंचे से फायर कर दिया जिसमें युवक बाल बाल बच गया। घर लौटे युवक ने परिजनों को घटना के बारे में बताया। शिकायत पर पुलिस ने युवक की दादी की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला कायस्थान की रहने वाली सुखविंदर कौर पत्नी लखविंदर सिंह ने बताया कि उनका पोता अनिकेत सिंह पुत्र गुरजीत सिंह माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग के पास मौजूद पेट्रोल पंप पर बाइक में तेल डलवा रहा था। इस दौरान वहां सनी गोस्वामी निवासी मोहल्ला लाइनपार साहूकारा एक अज्ञात व्यक्ति के साथ पहुंच गया। दोनों अनिकेत सिंह को शेरपुर कलां रोड पर बुलाकर ले गए। आरोप है सनी ने अपने साथी के साथ मिलकर अनिकेत के साथ गाली गलौज की और जान से मारने की नीयत से उस पर तमंचे से फायर कर दिया। जिसमें अनिकेत बाल बाल बच गया। अनिकेत ने घर पहुंच कर परिजनों को घटना के बारे में बताया तो हड़कंप मच गया।सुखविंदर कौर अपने पोते अनिकेत को लेकर कोतवाली पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने सनी गोस्वामी और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# गाली गलौज का विरोध करने पर घर में घुसकर की मारपीटदो घायल

### पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

क्यूँ न लिखूँ सच / पूरनपुर-पीलीभीत।शराब पीकर गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने से मना करने पर आधा दर्जन लोग दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए। आरोपियों ने लाठी डंडे और धारदार हथियार से मारपीट की जिससे एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना घुंघचाई के गांव पुन्नापुर टांडा के रहने वाले दीनदयाल पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि पड़ोसी छेदालाल और छोटेलाल पुत्रगण सीताराम शराब पीकर गाली गलौज कर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे थे। 8 दिसंबर को दीनदयाल ने उनके परिजनों से शिकायत की। आरोपी इस पर छेदालाल लाल,छोटेलाल,राम लड़ईते,मनोज, सुंदरलाल पुत्रगण सीताराम और रामदुलारे पुत्र डल्ला उनके घर पहुंच गए। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी डंडे और धारदार हथियार लेकर दीनदयाल के घर पर हमला बोल दिया। दीनदयाल के परिजनों ने दरवाजा बंद कर लिया। इस पर आरोपियों ने ईंट पत्थर से दरवाजा भी तोड़ दिया और घर में घुस गए। सभी ने दीनदयाल के परिजनों के साथ गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार से मारपीट की। इसमें शंकर पुत्र ओमप्रकाश,सत्यवती पत्नी दीनदयाल घायल हो गईं। पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की ममता देवी पत्नी सुरेंद्र पाल ने बताया कि उनके पति मिल पर काम करने गए थे। छोटेलाल घर पर थे। इस दौरान शंकर लाल, शिवनारायण, दीनदयाल,शिवकुमार पुत्रगण ओम प्रकाश और सत्यवती उनके घर पर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर मारपीट की। सत्यवती ने बांका मार दिया। इससे बचाने आए देवर छोटेलाल और रामदुलारे घायल हो गए। पुलिस ने दोनों ओर से तहरीर मिलने पर मामले में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल संगठन ने की सांसद की सराहना

क्यूँ न लिखूँ सच / बीसलपुर-पीलीभीत।भारतीय उद्योग व्यापार मंडल संगठन की बीसलपुर इकाई का गठन किया गया जिसमें नगर अध्यक्ष पद पर उरवेश गुप्ता को मनोनीत किया गया। बीसलपुर इकाई की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जायसवाल को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। नगर के बाजार कटरा में आयोजित व्यापारी जागरूकता कार्यक्रम में नवगठित इकाई के मनोनयन पत्र जिलाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल द्वारा वितरित किए गए।कार्यक्रम में जीएसटी विभाग, वाणिज्य कर विभाग, साइबर क्राइम पुलिस, विद्युत विभाग तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए व्यापारियों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नियमों एवं ऑनलाइन प्रक्रियाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल प्रणाली लागू होने से व्यापारियों की शिकायतों एवं समस्याओं का निस्तारण पहले की तुलना में अधिक तेजी से किया जा रहा है।जिलाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि व्यापारी वर्ग को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और किसी भी समस्या को व्यापार मंडल के माध्यम से संबंधित विभागों तक पहुंचाना चाहिए जिससे उसका समाधान समयबद्ध ढंग से हो सके। उन्होंने इस अवसर पर पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद द्वारा व्यापारी हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सांसद सदैव व्यापारियों के संपर्क में रहते हैं और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं। यदि किसी व्यापारी की समस्या प्रशासनिक स्तर पर हल नहीं हो पाती है तो सांसद के माध्यम से उसका समाधान संभव होता है। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा से जुड़े नियमों की जानकारी दी गई। जीएसटी व वाणिज्य कर विभाग की ओर से असिस्टेंट कमिश्नर राजेंद्र चौहान ने व्यापार कर से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए। बाट माप विभाग की अधिकारी नंदिता ने विभागीय सेवाओं के ऑनलाइन स्वरूप की जानकारी दी। साइबर क्राइम विभाग से एसआई अंकुर ने उपस्थित व्यापारियों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में जागरूक किया।इस दौरान विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर व्यापारियों ने नाराजगी जताई। अधिशासी अधिकारी अथवा सक्षम अधिकारी की अनुपस्थिति में केवल जूनियर इंजीनियर के उपस्थित होने पर व्यापारियों ने असंतोष व्यक्त किया। उपस्थित जूनियर इंजीनियर प्रमोद द्वारा संतोषजनक उत्तर न दिए जाने पर व्यापारियों ने समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण की मांग की। कार्यक्रम में लगभग ढाई सौ व्यापारियों ने सहभागिता कर व्यापारी जागरूकता की शपथ ली। प्रशासन की ओर से उपस्थित अधिकारियों ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे।




## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। हरदत्त नगर गिरन्ट पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में थाना हरदत्त नगर गिरन्ट पर पंजीकृत मु0अ0सं0 277/2025 धारा 65(1), 127(2) इठर व 3/4 (2) पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त की अतिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी भिनगा, सतीश कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय थाना हरदत्तनगर गिरण्ट के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम खैरहवा दा0 ददौरा थाना हरदत्तनगर गिरन्ट जनपद श्रावस्ती को अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर भेसरी नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही की गयी। वादिनी की नाबालिग बच्ची के साथ अभियुक्त अजय कुमार उपरोक्त द्वारा दुष्कर्म का अपराध कारित किया गया तथा घटना कारित करके फरार हो गया जिसके संबंध में दिनांक 06 दिसंबर को मु0अ0सं0 277/25 धारा 65(1), 127 (2) BNS व 3/4 (2) पाक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु टीमें लगा दी गयी थी जिसके क्रम में 07 दिसंबर को नेपाल भागने के फिराक में अजय कुमार उपरोक्त को भेसरी नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया ।

### 62वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय, भिनगा में सुकृति शॉप का उद्घाटन

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी आयोजन सम्पन्न हुआ। कमान्डेंट अमरेंद्र कुमार वरुण के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में वाहिनी मुख्यालय भिनगा में संदीक्षा सदस्यों के लिए सुकृति शॉप का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संदीक्षा अध्यक्षा श्रीमती प्रेरणा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर सुकृति शॉप का उद्घाटन किया गया। सुकृति शॉप की स्थापना का उद्देश्य संदीक्षा सदस्यों को आवश्यक दैनिक उपयोग की वस्तुएं, गृह उत्पाद, हस्तनिर्मित सामग्री एवं अन्य उपयोगी सामान एक ही स्थान पर किफायती दरों पर उपलब्ध कराना है। यह पहल न केवल सदस्यों को घरेलू सुविधाएं प्रदान करेगी, बल्कि उनके आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगी। कमान्डेंट अमरेंद्र कुमार वरुण ने अपने संबोधन में बताया कि संदीक्षा टीम द्वारा संचालित यह दुकान महिलाओं एवं संदीक्षा सदस्यों के कल्याण तथा आर्थिक उन्नति की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें बल के परिवारों को मजबूत बनाने और एक सहयोगपूर्ण वातावरण निर्मित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संदीक्षा अध्यक्षा श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने बताया कि सुकृति शॉप के माध्यम से संदीक्षा सदस्यों को बेहतर सुविधा मिलेगी तथा भविष्य में इसे और विस्तृत रूप देने की योजना है। उन्होंने सभी सदस्यों के सहयोग और अधिकारीगण के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संदीक्षा सदस्य, अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे ।




### महिला के सिर में हथौड़ा मारकर हत्या करने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

क्यूँ न लिखूँ सच / पूरनपुर-पीलीभीत। महिला के सिर में हथौड़ा मारकर मौत के घाट उतारने वाले हत्यारोपी को पुलिस ने आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव पुरैना ता.महराजपुर निवासी महिला मंजीत कौर उम्र लगभग 40 वर्ष की किसी बात को लेकर 7 दिसंबर को मुकेश मंडल निवासी नगरिया खुर्द कलां से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। मुकेश मंडल ने मंजीत कौर के सिर मे हथौड़ा मारकर मौत के घाट उतार कर मौके से फरार हो गया था। मुकेश मंडल ने पुलिस के सामने कबूल किया मेरे मंजीत कौर के साथ पिछले छह सालों से पति-पत्नी की तरह संबंध थे।मृतिका के पुत्र लवप्रीत सिंह पुत्र सुवेग सिंह की तहरीर पर आरोपी मुकेश मंडल के खिलाफ मुकदमा संख्या 325/25धारा 103(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था।मंगलवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी अधिकारी के नेतृत्व थाना माधोटांडा पुलिस ने खटीमा जाने बाली सड़क सुखदापुर मोड के पास आरोपी मुकेश मंडल को आला कत्ल के साथ घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



# मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी को घरेलू हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की योजना लंबे समय से ठंडे बस्ते में

क्यूँ न लिखूँ सच /श्याम जी कश्यप/ जनपद फरूखाबाद के मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी को घरेलू हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने की योजना लंबे समय से ठंडे बस्ते में पड़ी है। जबकि देशभर के अनेक हवाई अड्डों को उड़ानट्ठयोजना के तहत पूरी तरह विकसित किया जा चुका है, फिर भी हमारा फर्रुखाबाद जनपद आज तक इससे वंचित है। इस विषय पर अपनी स्पष्ट राय रखते हुए मैंने कहा कि- न पैसों की कमी है, न जमीन कीऊ कमी केवल इच्छाशक्ति और जज़्बे की है। देश के कई ऐसे हवाई अड्डे आज भी संचालन में हैं, जिनके रनवे ऋमोहम्मदाबाद हवाई पट्टीऋ से छोटे होते हुए भी वे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सेवाएँ दे रहे हैं। ऐसे में फर्रुखाबाद की परियोजना को आगे न बढ़ाना जनता को भ्रमित करने जैसा है। परियोजना में वास्तविक बाधा केवल 'इच्छाशक्ति की कमी' है। यदि संबंधित स्तरों पर गंभीरता होती, तो यह कार्य बहुत पहले प्रारंभ हो चुका होता। अधिकारियों द्वारा रनवे को छोटा बताकर पल्ला झाड़ने की प्रवृत्ति पर भी मैंने गंभीर सवाल उठाए हैं। ऐसी ही स्थिति गंगा एक्सप्रेसवे के समय भी सामने आई थी, और परिणामस्वरूप पूरा मार्ग हमारे जनपद से हटाकर अन्य क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया-जिसका नुकसान आज तक फर्रुखाबाद झेल रहा है। ऋफर्रुखाबाद का भविष्य दांव पर है हवाई अड्डा बनने से- जनपद में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे उद्योग और व्यापार को नई दिशा मिलेगी निवेश की संभावनाएँ कई गुना बढ़ेंगी मैं जनहित के इस मुद्दे पर निरंतर आवाज़ उठाता रहूँगा। फर्रुखाबाद के विकास से किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी



# लाली तू चिंता मत कर, हम छुड़ा लेंगे..., थाना प्रभारी मौत मामले में आरोपी सिपाही के पिता ने कही ये बात

जालौन के कुठौंद के थाना प्रभारी की मौत मामले में गिरफ्तार आरोपी महिला सिपाही मीनाक्षी के पिता ने अपनी बेटी को ढांढस बंधाया है। उन्होंने कहा है कि लाली तू चिंता मत कर हम छुड़ा लेंगे। सिपाही के पिता के यह शब्द सोशल मीडिया पर ऑडियो/वीडियो वायरल हो रहे हैं।उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के कुठौंद थाने में तैनात इंस्पेक्टर अरुण राय की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपी महिला सिपाही को जेल भेज दिया गया है। आरोपी महिला सिपाही की गिरफ्तारी के दौरान सोशल मीडिया पर ऑडियो/वीडियो वायरल हुआ है। इसमें उसके पिता अपनी बेटी को ढांढस बंधाते हुए कहते सुनाई दे रहे हैं कि लाली तू चिंता मत कर हम छुड़ा लेंगे। लोगों का कहना है कि आखिर ऐसा क्या भरोसा था, जो एक गंभीर मामले में घिरी आरोपी को छुड़ाने की बात इतनी सहजता से कही गई है।लोगों का कहना है कि क्या आरोपी को राजनीतिक संरक्षण का भरोसा था या फिर वह कहीं न कहीं विभागीय स्तर पर किसी ऊंची पहुंच पर निर्भर थी। इसके साथ ही गिरफ्तारी के दौरान भी वह जरा भी नहीं घबराई। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह कितनी कठोर है।इंस्पेक्टर अरुण राय की मौत से पड़ोसी स्तब्ध-उधर, उरई के कुठौंद थाने में तैनात इंस्पेक्टर अरुण राय की मौत ने न सिर्फ विभाग को, बल्कि उनके पड़ोसियों और परिचितों को भी स्तब्ध कर दिया है। शुक्रवार देर रात थाना परिसर स्थित सरकारी आवास में खून से लथपथ उनका शव मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आवास पर लटका मिला ताला- वहीं, गोरखपुर के गोरखनाथ थाना क्षेत्र इलाके में उनके आवास पर सोमवार को ताला लटका मिला। बताया गया कि उनकी पत्नी और बेटे मौत की जानकारी पर उरई गए हैं।बेटे के साथ रहती हैं माया इंस्पेक्टर अरुण राय की पत्नी माया रानी बीते कुछ समय से अपने 18 वर्षीय बेटे अमृतांश के साथ गोरखनाथ थानाक्षेत्र के विस्तार नगर आवास विकास कॉलोनी में रह रही हैं। अमृतांश नीट की तैयारी कर रहा है। पड़ोसी बताते हैं कि अरुण राय अक्सर थाने से छुट्टी मिलने पर परिवार से मिलने पहुंचते थे। उनके बीच सामान्य पारिवारिक रिश्ते जैसी ही बातचीत होती थी। रविवार सुबह जब पड़ोसियों को इंस्पेक्टर की मौत की सूचना मिली तो सभी अवाक रह गए। पड़ोसी महिलाओं ने बताया कि शनिवार सुबह से घर का दरवाजा बंद था। कुछ ही देर बाद माया रानी और उनका बेटा घर में ताला बंद कर चले गए। पड़ोसियों से मिली जानकारी के अनुसार, दोनों उरई पहुंचकर शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद सीधे संतकबीरनगर स्थित अपने पैतृक गांव रजौली (घनघटा) चले गए। जहां उनका दाह संस्कार किया गया। उनके इकलौते बेटे ने पिता को मुखाग्नि दी।संतकबीरनगर के मूल निवासी थे इंस्पेक्टर- 45 वर्षीय अरुण राय संतकबीरनगर के घनघटा थाना क्षेत्र के रजौली गांव के मूल निवासी थे। लंबे समय से उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवा दे रहे थे और वर्तमान में उरई जनपद के कुठौंद थाने के प्रभारी निरीक्षक थे। पड़ोसियों के अनुसार, अरुण राय मिलनसार और शांत स्वभाव के अधिकारी थे, ऐसे में उनकी रहस्मय तरीके से मौत की खबर किसी को भी समझ नहीं आ रही है। मोहल्ले वाले सोशल मीडिया पर चल रहे आरोपों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं भी करते नजर आए।यह था मामला-यूपी के जालौन जिले के कुठौंद थाना प्रभारी अरुण कुमार राय की शुक्रवार की रात थाना परिसर स्थित उनके आवास में संदिग्ध हालात में सर्विस रिवाल्वर से गोली चलने से मौत हो गई थी। घटना के दौरान एक महिला सिपाही मीनाक्षी शर्मा को आवास से भागते हुए देखा गया था। दिवंगत इंस्पेक्टर की पत्नी माया राय ने महिला सिपाही पर पति की हत्या का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार, दिवंगत अरुण कुमार राय के आवास से शुक्रवार की रात लगभग नौ बजे गोली चलने की आवाज सुनाई दी थी। इस दौरान उनके कमरे से एक महिला सिपाही चिल्लाते हुए बाहर आई और बोली की थाना प्रभारी ने गोली मार ली। कर्मचारी जब मौके पर पहुंचे तो खून से लथपथ अरुण कुमार राय चारपाई पर मच्छरदानी के अंदर पड़े थे।घटना से थाने में अफरातफरी मच गई। आनन-फानन पुलिसकर्मी उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सनसनीखेज घटना की जानकारी पर एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार व डीएम राजेश कुमार पांडे थाने पहुंचे और फोरेंसिक टीम ने जांच की। जानकारी पर परिजनों के साथ पहुंची उनकी पत्नी ने महिला सिपाही पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।



# कलेक्ट्रेट में बड़ा भ्रष्टाचार पकड़ा, एआईजी स्टांप और सहायक 1 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

शामली कलेक्ट्रेट के निबंधक कार्यालय में एआईजी स्टांप रविंद्र मेहता और उनके सहायक को विजिलेंस ने एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। किसान की शिकायत पर विजिलेंस टीम ने छापा मारा और दोनों को थाने ले जाकर पूछताछ शुरू की।शामली कलेक्ट्रेट स्थित निबंधक कार्यालय में मंगलवार को विजिलेंस मेरठ की 12 सदस्यीय टीम ने छापा मारकर एआईजी स्टांप रविंद्र मेहता और उनके सहायक अश्वनी कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई दोपहर बाद सीओ विजिलेंस आजाद सिंह के नेतृत्व में की गई।किसान से जमीन जांच के नाम पर मांगी थी रिश्वत- जानकारी के अनुसार बधेव निवासी एक किसान ने कुछ समय पहले जमीन खरीदी थी। जमीन की जांच कराने के नाम पर उससे एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी। परेशान किसान ने विजिलेंस मेरठ से शिकायत की थी। तुरंत ऐक्शन लेते हुए विजिलेंस की टीम तीन गाड़ियों में मौके पर पहुंची और ट्रैप लगाकर दोनों अधिकारियों को रिश्वत लेते पकड़ लिया। दोनों से आदर्श मंडी थाने में पूछताछ जारी- गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस टीम एआईजी स्टांप और उनके सहायक को आदर्श मंडी थाना लेकर गई, जहां उनसे भ्रष्टाचार से जुड़े सवालों पर पूछताछ चल रही है। विजिलेंस अधिकारियों का कहना है कि मामले में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।



# मैं अपनी वाइफ से बहुत प्यार करता था: पत्नी की बेवफाई टूटा युवक, खुदकुशी से पहले वीडियो में बयां किया दर्द

वाराणसी जिले में एक युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। उसने एक वीडियो जारी कर पत्नी और उसके प्रेमी पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। वाराणसी जिले के लोहता थाना क्षेत्र के बनकट गांव में मंगलवार की सुबह एक युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। आरोप है कि पत्नी और उसके ब्वॉयफ्रेंड की प्रताड़ना से परेशान होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया। मृतक की माता की तहरीर पर पत्नी और उसके प्रेमी और सास के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की प्राथमिकी दर्ज की गई है। सूचना पाकर चौकी इंचार्ज अकेलवा और प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मौके से साक्ष्य संकलन किया गया। मृतक अपने मां- बाप का इकलौता संतान था। यह है पूरा मामला- बनकट गांव का राहूल मिश्रा (30) पांच वर्ष पहले थाना क्षेत्र के लखनपुर की एक युवती से प्रेम विवाह किया था। राहुल की माता रानी देवी ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके बेटे राहुल ने पत्नी, सास और प्रेमी की प्रताड़ना से आजिज आकर आत्महत्या कर लिया। रानी देवी ने बताया की राहुल की पत्नी का शुभम सिंह उर्फ ड़ेजर से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसने कई बार राहुल को धमकी दी कि तुम संध्या को तलाक दे दो, नहीं तो अंजाम बुरा होगा। विगत आठ दिसंबर को राहुल अपने ससुराल लखनपुर पत्नी और बेटे से मिलने गया था, लेकिन पत्नी उसके साथ आने के लिए तैयार नहीं हुई। उसके बाद पत्नी और उसके प्रेमी राहुल पर तलाक का दबाव बनाने लगे। जब राहुल इसके लिए तैयार नहीं हुआ तो धमकी दिया कि जान से मार दूंगा। इसी बात से परेशान होकर बेटे ने आत्महत्या कर ली। मरने के पहले वह एक वीडिओ बनाया, जिसमें कहा कि शुभम सिंह डेंजर का मेरी पत्नी से अवैध संबंध था। मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं। जिसकी पुरी जिम्मेदारी पत्नी उसके प्रेमी और सास की होगी। थाना प्रभारी राजबहादुर मौर्य ने बताया की रानी देवी की तहरीर पर पत्नी, प्रेमी और सास के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्राथमिकी दर्ज हुई है।






## संक्षिप्त समाचार

# उप जिलाधिकारी के निर्देश पर लेखपाल ने गरीबों और बुजुर्गों को बांटे कम्बल

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती जिले के जमुनहा विकास खंड स्थित इमालिया करनपुर में लेखपाल आशुतोष पांडेय ने गरीब, असहाय और बुजुर्ग व्यक्तियों को कंबल वितरित किए। यह वितरण उप जिलाधिकारी जमुनहा के निर्देशन में बढ़ती ठंड और संभावित शीत लहर से कमजोर वर्ग के लोगों को बचाने के उद्देश्य से किया गया। स्थानीय लेखपाल आशुतोष पांडेय ने स्वयं इन कंबलों का वितरण किया, जिसकी ग्रामीणों ने सराहना की। प्रशासन द्वारा लगभग 50 कंबल वितरित किए गए हैं। कंबल वितरण के दौरान लेखपाल पांडेय ने बताया कि सरकार ने गरीबों और असहायों की मदद तथा ठंड से बचाव के लिए यह पहल की है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम जरूरतमंदों को ठंड के प्रकोप से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेखपाल ने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सहायता पहुंचाई जा सके। कंबल पाकर बुजुर्गों ने सरकार के इस प्रयास की सराहना की।



# डीएम ने धान क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत राजकीय धान क्रय केंद्र टंड़वा बनकटवा का औचक निरीक्षण कर धान खरीद का जायजा लिया। इस दौरान ज्ञात हुआ कि इस क्रय केन्द्र पर 2300 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है जिसमें अबतक 60 किसानों से 283.96 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र पर खरीद पंजिका, बोरों की व्यवस्था, ई-उपार्जन हेतु लैपटाप/आई-पैड, इलेक्ट्रानिक कांटा, विनोइंग फैन/पंखा, छलना पावर डस्टर एवं अन्य सभी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि किसानों से धान खरीदने में यदि किसी भी प्रकार की शिथिलता मिली तो केन्द्र प्रभारियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत ही राजकीय धान क्रय केन्द्र बी0पैक्स भिनगा देहात का भी निरीक्षण किया। इस दौरान ज्ञात हुआ कि इस केन्द्र का लक्ष्य 840 मीट्रिक टन रखा गया है, जिसके सापेक्ष अबतक 24 किसानों से कुल 122.60 मीट्रिक टन खरीद की जा चुकी है जिलाधिकारी उपस्थित केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया धान क्रय में तेजी लाकर तय समय में खरीद पूर्ण कर ली जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देश दिया कि वे निरन्तर धान क्रय केन्द्रों की मानिटरिंग कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखवायें ताकि किसानों को धान बेचने में कोई दिक्कत न होने पाये। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा इस वर्ष जनपद में धान खरीद हेतु 45000 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा गया है।



# 79 लीटर कच्ची शराब के साथ 05 अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच / प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। सिरसिया - पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जनपद ने मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण के सम्बन्ध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम व क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सिरसिया शैलकांत उपाध्याय व अन्य पुलिस टीम द्वारा आबकारी अधिनियम में बड़ी कार्यवाही करते हुये 05 अभियुक्तों को 79 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया है। थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 423/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित अभियुक्त आजाद उर्फ बुड्ढा पुत्र महाजन निवासी बदलपुर थाना सिरसिया, मु0अ0सं0- 424/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित अभियुक्त गुल्ले पुत्र सहजराम निवासी ओझा पुरवा दा0 तेंदुआ रतनपुर थाना सिरसिया, मु0अ0सं0-425/2025 धारा 60 आबकारी अधिनियम से संबंधित अभियुक्त गिरफतार गिया गया ।

# Salman Khan wept bitterly in memory of Dharmendra, saying, "Everyone was crying, but..."

B-town's He-Man Dharmendra passed away on November 24th. Salman Khan was very close to him. Recently, he broke down in tears remembering Dharmendra. He also reacted to the quiet funeral of Sunny Deol and Bobby Deol. Salman Khan shed tears on the Bigg Boss stage - Salman Khan wept bitterly in memory of Dharmendra - Salman saluted Bobby and Sunny Deol. Today is the 90th birthday of the late actor Dharmendra. Although he is no longer in this world, he will always rule the hearts of his fans. Dharmendra's passing was a huge blow not only to his family and fans, but also to Salman Khan. Salman has expressed his grief over Dharmendra's passing many times. Now, once again, he has remembered Bollywood's He-Man. Last night, during the Bigg Boss 19 Grand Finale, he became so emotional remembering Dharmendra that he broke down in tears. Salman Khan became emotional remembering Dharmendra - Salman Khan said in memory of the actor, "We lost the He-Man. We lost the most amazing man. I don't think there's anyone better than Dharmji. The way he lived his life was king-size. He gave us Sunny, Bobby, and Esha. From the day he entered the industry, all he wanted to do was work. He did so many roles. My career graph... I've only followed Dharmji. He came with an innocent face and a He-Man body. That charm remained with him till the end. Love you, Dharmji. I will always miss you." Salman Khan spoke on Dharmendra's silent funeral - Salman Khan also praised the decision to have Dharmendra's funeral conducted quietly on the Bigg Boss stage. He said, "The special thing is, he passed away on November 24, that day was my father's (Salim Khan) birthday and tomorrow (December 8) is his birthday, as well as my mother's (Salma Khan). If I am feeling this way, then imagine what Sunny and his family must be going through." Salman further said, "Two funerals were conducted with great respect - Sooraj Barjatya's mother's and Dharamji's. They conducted their prayer meet with great grace and respect. Everyone was crying, but there was one decorum - a celebration of life. Hats off to Bobby and Sunny. Every funeral and prayer meet should be conducted with such beauty."



# If you too want to become a "class topper," start these 5 things today; success will follow.

Have you ever wondered how class toppers always perform so well? Do they have a magic wand? Absolutely not! They simply adopt certain habits that put them ahead of others. If you too want to reach that pinnacle of success, start these 5 things today. The first rule of becoming a topper is daily revision. Following a timetable is the key to success. Studying with regular breaks is the hallmark of a topper. Every student dreams of being at the top of their class and reaching new heights of success. Becoming a "topper" doesn't depend solely on good luck or a sharp mind; it's the result of good habits and disciplined effort. If you also dream of becoming a topper, incorporate these 5 essential tasks into your daily routine starting today. "Today's work isn't left for tomorrow"—the biggest secret to becoming a topper is regular revision. Many students study but don't revise what they learned the same day. Scientific research shows that revising what you read within 24 hours helps retain it for a longer period. Therefore, make it a rule that as soon as you return home from school or coaching, the first thing you must do is read everything you learned that day. Make notes, but in your own language - Instead of copying the language of the textbooks exactly, make your notes simple and in your own language. When making notes, focus only on key points, formulas, and definitions. Use colored pens, highlighters, and small diagrams in your notes. This makes your notes attractive and helps you revise the entire syllabus in less time during exams. Develop the habit of asking questions and study in groups - Students who achieve success never sit with doubts. If you don't understand something, don't hesitate to ask your teacher or friends immediately. Also, make group study a habit. Group study doesn't mean gossiping, but teaching each other. When you explain a concept to someone else, it strengthens your understanding. Create a task list, not a timetable. Many students create a complex and complicated timetable, but never follow it. Instead, start creating a task list. Every morning, decide which chapters or topics you need to complete that day. Set small goals and praise yourself when you achieve each one. Be sure to include small breaks in your studies to refresh your mind. Take care of your health and sleep. A healthy mind learns and remembers faster. If you want to be a topper, don't compromise on your sleep and physical health. Getting adequate sleep—6 to 8 hours a night—is essential. Additionally, eat a balanced diet and engage in at least 30 minutes of physical activity (such as playing or walking) every day. Studying with a tired or unwell mind is never effective. Remember, becoming a class topper is a long haul, not a short one. The work you decide to start today will not only earn you good marks but also help you become a disciplined and successful person in the future.




# Include these 5 grains in your diet instead of wheat, and you can easily lose weight even while eating roti.

An Indian meal is incomplete without roti. Whether it's dal or sabzi, hot wheat roti is a must. But do you know why sometimes, even after going to the gym and dieting, we don't lose weight? One major reason could be your beloved wheat roti. Wheat is high in gluten and carbs, which contribute to weight gain. The gluten and carbs in wheat are not good for a weight loss journey. Eating fiber-rich ragi and millet can provide many benefits. If you feel heavy after eating roti, you can try gluten-free sorghum. If you really want to lose weight quickly, you don't need to give up roti, but rather switch to your grains. Here, we're telling you about these 5 magical grains that taste great and are masters of weight loss. Let's find out. Ragi - Ragi is considered a superfood. It's rich in fiber, which means you won't feel hungry for long after eating it. When your stomach is full, you won't snack frequently. Additionally, ragi is rich in calcium, which strengthens bones. Millet - Millet roti is a delight in winter. It keeps the body warm and improves digestion. Millet contains complex carbohydrates that digest slowly and provide a steady supply of energy. It also controls blood sugar, preventing weight gain. Jowar - If you feel bloated or heavy after eating wheat roti, jowar is an excellent alternative. It's gluten-free and very light to digest. Eating jowar roti speeds up metabolism, helping the body burn fat faster. Barley - Barley is considered an excellent grain for weight loss. It helps eliminate excess water from the body, reducing swelling. Eating barley bread also helps control cholesterol levels and reduces belly fat. Chickpeas - If you can't make chapatis with just chickpea flour, try mixing it with a little wheat or barley flour. Chickpeas are very high in protein. Remember, the more protein you consume, the faster your muscles will repair and fat will be reduced. This is also known as "masi roti," which tastes delicious. Remember, you don't need to completely change your diet. You can mix these flours with wheat flour to start and gradually reduce the amount of wheat. Make this small change and see the difference in your health and weight.



# Tanya Mittal took a dig at Gaurav Khanna's victory, saying, "Did GK do anything...?"

TV actor Gaurav Khanna has won the Bigg Boss Season 19 trophy. After winning the show, Tanya Mittal made a statement about Gaurav, which is going viral on social media. Find out what she said about Gaurav's victory. Gaurav Khanna became the winner of Bigg Boss 19. Tanya Mittal was in the top 4 of Bigg Boss 19. Tanya Mittal took a dig at Gaurav's victory. Gaurav Khanna has become the winner of the controversial reality show Bigg Boss Season 19. Gaurav's game has always been questioned on the show. Now, Tanya Mittal, who was in the top 5, has reacted to his victory. The grand finale of Bigg Boss 19 was on December 7th. The top five included Tanya, Amaal Malik, Gaurav, Farhana Bhatt, and Pranit More. Tanya finished fourth, while Gaurav won the season's trophy. From the beginning, Tanya and the other housemates have questioned Gaurav's contribution to the show. Tanya once even asked, "What will GK do now?" Tanya Mittal took a dig at Gaurav Khanna's victory. Gaurav Khanna has now won the Bigg Boss 19 trophy, and Tanya subtly taunted him. In a media interaction after the show concluded, Tanya was asked if she always wondered what GK would do, but now he has won the trophy. Tanya replied, "Did GK do anything yet? Whether GK does something or not, it doesn't matter to me. My world revolves around me." Farhana Bhatt lost the trophy - Gaurav was the winner among the five contestants who reached the Bigg Boss 19 finale. Farhana Bhatt was the first runner-up, while Pranit More was the second runner-up. Tanya reached the top four, and Amaal reached fifth place. Farhana was expected to be the winner of Bigg Boss, but Gaurav Khanna took home the trophy. Farhana, too, has been questioning his contribution from the beginning.








# Esha Deol broke down in the memory of her father Dharmendra, saying in a heartbreaking post, "Your voice is mine..."

Today is the late actor Dharmendra's 90th birthday. The actor passed away 14 days before his birthday. Now, Esha Deol has shared an emotional post on her father's birthday. Today is Dharmendra's 90th birthday. Dharmendra passed away 14 days ago - daughter gets emotional remembering Dharmendra. Dharmendra is no longer in this world. Bollywood's "He-Man" passed away just 14 days before his 90th birthday. Today is the actor's birthday. For the first time since her father's passing, his daughter Esha Deol has posted on social media. Esha remembered her father Dharmendra on his 90th birthday and shared some unseen photos. In the photos, the actress is posing with her father. While sharing these pictures, Esha has expressed her heart's pain. Esha kept the memory of her father in her heart - Esha Deol wrote in an emotional note for her father, "To my darling Papa, our strongest bond. 'Hum' our whole life, every world and beyond... We are always together Papa. Be it sky or earth. We are one. Now and for the rest of my life, I have kept you in my heart with great love, care and affection." Esha Deol further said, "Magical precious memories... life lessons, teachings, guidance, belonging, unconditional love, dignity and strength that you have given me as your daughter, no one can replace or match it." Dharmendra's daughter is in pain - Esha said, "I miss you so much Papa. Your loving hugs that felt like the most comfortable blanket, holding your soft yet strong hands that held unspoken messages and your voice calling my name followed by never-ending talks, laughter and poetry. Your motto was 'Always stay humble, happy, healthy and strong'." Esha made this promise to her father - While making a promise to her father, Esha said, "I promise to carry forward your legacy with pride and respect. I will do my best to spread your love to millions of people who love you as much as I do. I love you Papa, your darling daughter, your Esha, your Bittu."

# Farhana Bhatt was stripped of the Bigg Boss 19 trophy, not votes, but this was the reason behind her dress becoming a curse for the actress.

Farhana Bhatt, considered the strongest contestant on the reality show Bigg Boss 19, had to settle for first runner-up. Now, a different reason is being cited for her defeat. Farhana Bhatt became the first runner-up of Bigg Boss 19 - Gaurav Khanna took the Bigg Boss Season 19 trophy - This is what was cited as the reason for Farhana's defeat. 'Kashmir ki Kali' Farhana Bhatt was one of the strongest finalists of the controversial show Bigg Boss 19 and was considered a deserving winner. However, TV superstar Gaurav Khanna won. Farhana Bhatt lost to Gaurav Khanna after receiving fewer votes and became the first runner-up of this season. Fans are expressing their displeasure on social media over Farhana's defeat. Some people are taunting the makers, but others believe that a curse held Farhana back from winning. Why didn't Farhana Bhatt win Bigg Boss 19? As you may know, Tanya Mittal, Amaal Malik, Pranit More, and Gaurav Khanna were in the top 5 finalists alongside Farhana Bhatt. Farhana and Gaurav finished in the top 2. Gaurav's contribution has been questioned since the beginning. Since Farhana's defeat, her red dress has been making headlines, and people are blaming it for her loss. Did the red dress become a curse for Farhana? Yes, some social media users are claiming that Farhana Bhatt lost because of her red dress. People are considering it a real curse from Bigg Boss. When Farhana was seen in a red dress, people assumed she wouldn't win the season's trophy. Did these finalists also fail to win because of the red dress? In fact, any finalist who wore a red dress before Farhana failed to win the trophy. People are also citing examples of this. Bigg Boss 11 - Hina Khan (First Runner-up) (Red Dress) Bigg Boss 16 - Priyanka Chahar Chaudhary (Second Runner-up) (Red Dress) Bigg Boss 17 - Abhishek Kumar (First Runner-up) (Red Outfit) These were the contestants who were considered the most deserving finalists of Bigg Boss. Well, this is just public speculation. Dainik Jagran does not claim or support such myths.

